दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। बुधवार 25 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 186 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## अगर इजरायल सीजफायर को मानेगा, तो हम भी हमला नहीं करेंगे: ईरानी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल को चेतावनी दी कि वह अपने पायलटों को वापस बुलाए, क्योंकि वह इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप ने पत्रकारों को यह भी बताया कि इजरायल और ईरान ने शत्रुता समाप्त करने के लिए मंगलवार की समय-सीमा के बाद हमलों के साथ युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन किया। हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले ट्रम्प ने लगातार हमलों के बारे में निराशा व्यक्त की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इसका उल्लंघन किया लेकिन इजरायल ने भी इसका उल्लंघन किया। ट्रंप ने कहा कि मैं इजरायल से खुश नहीं हूं। लगभग उसी समय, उन्होंने ट्रुथ पोस्ट में कहा कि इजरायल। उन बमों को मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो तो यह एक बड़ा उल्लंघन है। अपने पायलटों को अभी घर ले आओ! इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर अब लागू हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है। प्लीज इसे न तोड़ें।

**डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह 3.30 पर किया था सीजफायर का ऐलान:** इससे पहले भी मंगलवार की सुबह डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर का दावा किया था। उन्होंने लिखा था डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट कर लिखा, सभी को बधाई! इस बात पर इजरायल और ईरान के बीच पूरी तरह से सहमति बन गई है कि 12 घंटों के लिए पूर्ण और संपूर्ण युद्ध विराम होगा (अब से लगभग 6 घंटों में, जब इजरायल और ईरान अपने चल रहे अंतिम मिशनों को समाप्त कर लेंगे!), जिस बिंदु पर युद्ध को समाप्त माना जाएगा।

संबंधित खबर, पृष्ठ 7

## मुख्यमंत्री का जिले में आना बन रहा है घटना खास
## जहां था जलभराव वहां 24 घंटे में उग गई हरी घास







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री आते हैं तो इसके इफेक्ट पेड़-पौधे-सड़क नाली पर भी नजर आते हैं। मुख्यमंत्री को आना है तो रातों-रात सड़क बन जाती है। मुख्यमंत्री जहां आ रहे हैं वहां रातों-रात अतिक्रमण हट जाता है, लेकिन इस बार ऐसा कमाल हुआ है कि जिस स्थान पर गंदा पानी जमा हुआ था, मच्छर पनप रहे थे, वहां जादुई तरीके से पानी गायब हो गया और 24 घंटे के भीतर हरी नर्म घास उग आई है।

मुख्यमंत्री आते हैं तो परिवर्तन नजर आते हैं, इस बात को दैनिक करंट क्राइम ने पहले भी प्रकाशित किया था। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन में आने का कार्यक्रम था तो यहां अधिकारियों ने डेरा डाल लिया था। दीवारों के रंग-रोगन से लेकर सड़क तक सब कुछ नया नजर आने लगा था। एक बार फिर मुख्यमंत्री को आना है और सवाल यही है कि क्या ये जो सिस्टम है वो मुख्यमंत्री के आने पर ही जागता है। मुख्यमंत्री अगर नहीं आएंगे तो क्या हालात ऐसे ही रहेंगे और वो कौन सा जादू है जो मुख्यमंत्री की खबर सुनते ही रंग और सूरत बदल जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जून को साहिबाबाद साइट-4 में आ रहे हैं। यहां 26 जून को सीईएल कंपनी में उनके आने कार्यक्रम प्रस्तावित है। 26 जून को सीएम को आना है और विकास का चमचमाता मून यहां चमकने लगा है। अचानक से सड़कों की स्थिति सुधर गई है और एक गजब का गौरख जादू हुआ है और यहां दो तस्वीरें दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के साथ साझा कर रहा है। पहली तस्वीर वो है जो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम फाइनल होने के पहले की है।

एक दिन पहले की ये तस्वीर बता रही है कि सड़क पर कीचड़ है, जल-भराव है, गंदा पानी है और मच्छर भी पनप रहे हैं, लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आता है तो अचानक से एक जादू से यहां चल जाता है। जिस सड़क पर जलभराव है, अगले दिन लोगों ने देखा कि वहां तो नरम-मुलायम हरी घास उग गई और जल-भराव कहां गया किसी को नहीं पता और रातों- रात इतनी नरम घास आ गई ये भी किसी को नहीं पता। बहरहाल 24 घंटे में यह जादू हुआ है और अब ये लगने लगा है कि मुख्यमंत्री अगर हर तीन महीने में गाजियाबाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर आते रहें तो अधिकारियों की वर्किंग इतनी स्मार्ट होगी कि गाजियाबाद सिटी ही स्मार्ट सिटी बन जाएगा।

## हाउस टैक्स के मुद्दे पर पार्षदों को मिली पहली जीत
## 30 जून को मेयर ने बुलाई आकस्मिक बैठक








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आखिरकार हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर पार्षदों की लंबी जुबानी जंग और विरोध प्रदर्शन के साथ ही पूर्व पार्षदों द्वारा अलग-अलग तरीके से दबाव बनाने का असर होता नजर आ रहा है। नगर निगम द्वारा मनमाने ढंग से हाउस टैक्स बढ़ाने के विषय को लेकर गाजियाबाद में पार्षदों से लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच मामला चल रहा था, उसपर अब जानकारी है कि हाउस टैक्स के मुद्दे पर पार्षदों की बात सुनते हुए महापौर सुनीता दयाल ने 30 जून को नगर निगम में आकस्मिक बैठक बुलाई है। दधर गाजियाबाद नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस आकस्मिक बैठक का मुख्य विषय हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी रहने वाला है। वहीं नगर निगम और पार्षदों से मिली जानकारी बता रही है कि 30 जून को नगर निगम के सदन में जो बैठक आयोजित होने वाली है, उसमें सबसे प्रमुख विषय हाउस टैक्स का रहने वाला है। हाउस टैक्स के विषय को लेकर नगर निगम के सदन में पार्षदों ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। तो वहीं कौन पार्षद अपने विचार रखेगा और क्या पूरा एजेंडा रहेगा, इसको लेकर भी रणनीति फाइनल की जा रही है।

### बैठक में प्रमुखता से उठेगा हाउस टैक्स का विषय, अधिकारियों से लेकर पार्षदों की रहेगी मौजूदगी

करंट क्राइम : 30 जून को नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में आकस्मिक बैठक रखी गई है। यह बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी, बैठक के लिए सभी 100 पार्षदों को सूचना एवं निमंत्रण पत्र भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि वहीं नगर निगम और हाउस टैक्स के विषय पर काम करने वाले अधिकारी अपने कागजों को और मजबूती से प्रस्तुत करने का काम करेंगे। तो वहीं नगर निगम के बड़ी संख्या में पार्षद हाउस टैक्स की वृद्धि के विषय को लेकर अपनी बात रखेंगे। इस दौरान वह अपना पक्ष रखेंगे कि क्यों नहीं हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी की जानी चाहिए ,बताया जा रहा है कि 30 जून को होने वाली बैठक जोरदार रहेगी। इसमें हाउस टैक्स का मुद्दा प्रमुखता के साथ सदन के पटल पर रखा जाने वाला है।

### पार्षद कई दिनों तक चलाएंगे रणनीति बनाने की मुहिम

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद में इन दिनों हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का मुद्दा न सिर्फ वर्तमान पार्षदों के लिए प्रतिष्ठा एवं उनकी छवि का हिस्सा बन गया है, बल्कि पूर्व पार्षदों ने भी इसमें खुल के साथ दिया है। तो वहीं इस विषय को कोर्ट तक ले जाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिस तरीके से 30 जून को नगर निगम की बोर्ड बैठक बुलाने की घोषणा की गई है, उसको लेकर भी अभी से कई तरीके की चर्चा चल रही है।

बीते दिनों पार्षदों ने अपने पत्र और खुद महापौर के कक्ष में उपस्थित होकर महापौर सुनीता दयाल से नगर निगम की बोर्ड बैठक हाउस टैक्स के विषय को लेकर बुलाने की अपील की थी। यह उसका भी असर माना जा रहा है। तो वही जिस तरीके से नगर निगम के अधिकारी और हाउस टैक्स से जुड़े अधिकारी लगातार अपना पक्ष रख रहे थे, उसके बाद मीटिंग होने की संभावना बढ़ गई थी।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने हिंडन से लखनऊ की फ्लाइट चलाने के लिए लिखा पत्र
### कहा - सेवा शुरू होने से व्यापार, चिकित्सा, प्रशासनिक यात्राएं होंगी आसान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के हिंडन टर्मिनल से लगातार अलग-अलग शहरों और प्रदेशों के लिए हवाई सेवाएं विस्तार की जा रही हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को हिंडन एयरपोर्ट पर टर्मिनल मैनेजर और एयर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए उनसे गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की बातचीत की। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्र लिखा है और एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियों से कहा है कि गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी फ्लाइट शुरू होने से न सिर्फ आम जनता बल्कि कंपनी को भी सीधा लाभ मिलेगा।

### मौजूदा वक्त की मांग है गाजियाबाद से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि वर्तमान समय में गाजियाबाद से लखनऊ के लिए सीधी फ्लाइट होना इस वक्त की मांग है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली -एनसीआर में लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसी के साथ जो कंपनी इसको संचालित करेगी, उसका भी लाभ होगा। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि प्रतिदिन लखनऊ बड़ी संख्या में लोग व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और प्रशासनिक यात्राओं के चलते आते जाते हैं। उनको काफी सहूलियत होगी। उनके समय और धन की भी बचत होगी।

### जल्द हो सकता है मंत्री नरेंद्र कश्यप की मांग का असर

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने हिंडन स्थित अधिकारियों से बातचीत की है तो एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को गाजियाबाद से लखनऊ के लिए शुरू करने पर जल्द फैसला लेने के लिए पत्र भी लिखा है। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि गाजियाबाद और लखनऊ के बीच पहले भी हवाई सेवा शुरू करने पर जोर दिया जा रहा था। अब उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के इस पत्र के बाद इस पर और तेजी आएगी।

## बहुत ही रोचक है गाजियाबाद में तस्करी वाली 'पुष्पा' की स्क्रिप्ट
### कुछ इस तरह से विदेशी लकड़ी को बर्मा से नेपाल और फिर इंफाल से कोलकाता किया जाता था शिफ्ट

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद देहात जोन में पुलिस ने दो विदेशी लकड़ी के तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पुष्पा स्टाइल में तस्करी करने वालों को झुकाया भी, तो वहीं जमीन पर बैठाने के साथ ही इनकी अबतक गहरी जांच भी की है।

पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा था, जो विदेशी लकड़ी लेकर हरियाणा जा रहे थे। पुलिस ने दावा किया था कि इस लकड़ी की कीमत करोड़ों की है और तस्करी करने वाला गिरोह इसे बॉलीवुड फिल्म में लकड़ी तस्कर पुष्पा के अंदाज में ही छुपा कर विदेश से भारत के अलग-अलग रास्ते होते हुए हरियाणा तक पहुंचाने का काम करते थे। बीते दिनों पुलिस की गिरफ्तारी के बाद जब इनसे पूछताछ की तो कई रोचक जानकारी और सनसनीखेज खुलासे भी हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में विदेशी लकड़ी केवल लकड़ी तस्कर पुष्पा की तरह गुलाबी करके नहीं लाई जाती थी, बल्कि इसको अलग-अलग चेकपोस्ट से पास करासने से लेकर एक गोदाम में रखकर आगे भेजा जाता था। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते करीब 6 माह के दौरान कई करोड़ की लकड़ी अलग-अलग राज्यों से होते हुए हरियाणा पहुंचाई गई है।

### इंफाल में बना रखा था तस्करों ने विदेशी लकड़ी का गोदाम

### असम तक लोकल तस्कर करवाते थे विदेशी लकड़ी की गाड़ियों को टोल से पास

### बर्मा टू कोलकाता ऐसे बना हुआ था लकड़ी तस्करी का रोडमैप



करंट क्राइम : पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विदेशी लकड़ी बर्मा से नेपाल लाई जाती थी, नेपाल से इस लकड़ी को ट्रैकों के माध्यम से इंफाल के एक गोदाम में ले जाकर रखा जाता था। इंफाल से फिर कबाड़ यानी स्क्रैप के ट्रैकों में इस विदेशी लकड़ी को माल के रूप में भरकर मणिपुर और असम तक अलग-अलग जो टोल थे, वहां से पास कराया जाता था और फिर कोलकाता हाईवे से होते हुए दिल्ली और हरियाणा तक पहुंचाया जाता था। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि इंफाल में विदेशी लकड़ी जो तस्करी करके लाई जाती थी, उसको स्टोरेज करने का गोदाम तस्करों द्वारा बनाया गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अबतक की जांच में यह बात निकलकर आई है कि बर्मा से लेकर कोलकाता तक आने के सफर में इंफाल, मणिपुर असम से तस्करी की इस विदेशी लकड़ी को लोकल तस्कर टोल से पास करवाने का काम देखा करते थे।

### स्क्रैप ट्रक का बनता था फर्जी ई-बिल



करंट क्राइम : पुलिस द्वारा जो दो तस्कर गिरफ्तार किए गए थे ,उनसे और उनके नेटवर्क में जो लोग हैं, उनसे मिली जानकारी के अनुसार विदेशी लकड़ी जो पुष्पा स्टाइल में तस्करी की जाती है, इसमें मणिपुर से स्क्रैप लोड किया जाता था। साथ ही उनके फर्जी ऑनलाइन ही ई-बिल तैयार किए जाते थे ताकि रास्ते में इन्हें कोई रोके तो बिल दिखाया जा सके। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि यह तस्कर ई- बिल इतनी सावधानी से बनाते थे कि कोई उसे पकड़ नहीं पता था।

### तस्करी की विदेशी लकड़ी ही नहीं थी गुलाबी, तरीका भी है बिल्कुल फिल्मी

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस द्वारा लगभग एक करोड़ रुपए की कीमत वाली विदेशी लकड़ी जो बरामद की गई है, उसमें फिल्म पुष्पा की तरह लकड़ी का रंग गुलाबी नहीं था बल्कि लकड़ी को बर्मा से लेकर नेपाल और फिर नेपाल से लेकर इंफाल के गोदाम से मणिपुर, असम, कोलकाता ,दिल्ली हाईवे होते हुए हरियाणा पहुंचने तक का पूरा नेटवर्क और गेम प्लान भी फिल्मी अंदाज वाला होता था। पुलिस के सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार स्क्रैप के ट्रैकों के न सिर्फ फर्जी बिल तैयार किए जाते थे बल्कि कोलकाता माल पहुंचने से पहले तक इंफाल और मणिपुर का गैंग असम तक के सभी टोल पास करने में भी फिल्मी स्टाइल में खुद की गाड़ी लेकर साथ चलते थे और लोकल टोल पास करना उनकी जिम्मेदारी में रहता था। कुल मिलाकर कहा जाए कि विदेशी लकड़ी चोरी का यह पूरा मामला फिल्म पुष्पा की तरह रियल में भी स्क्रिप्ट किया गया नजर आ रहा है।

# नोएडा-गाजियाबाद में बरसे बदरा, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

**गाजियाबाद।** दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम विभाग ने बादल और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ है। मंगलवार दोपहर को नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में बारिश हुई। कई इलाकों में अभी भी बादल छाए हुए हैं। **तीन दिन का यलो अलर्ट बिन बारिश बीता :** मौसम विभाग का तीन दिन का यलो अलर्ट बिन बारिश के बीत गया। हर कोई दिल्ली में बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने सोमवार को फिर कहा था कि मानसून की बारिश के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। ऐसे में एक से दो दिन में दिल्ली में मानसून एक्सप्रेस की एंट्री हो जाएगी। विभाग ने 29 जून तक लगातार बारिश के संभावना जताई है। दिल्ली में रविवार की तरह सोमवार को भी लोग उमस से परेशान रहे। दिन भर बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। दिल्ली में लोदी रोड के आसपास के इलाकों में बारिश हुई, जिसने उमस को और बढ़ा दिया।

## दिल्ली में लोदी रोड के आसपास के इलाकों में बारिश हुई






इधर पूरी दिल्ली बारिश के लिए तरस गई। सोमवार को अधिकतम अद्रता 89 फीसदी रही जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री 36.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री कम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शाम 5:30 बजे तक 004.1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# राजद के 'राजा' बने लालू प्रसाद यादव, निर्विरोध किए गए निर्वाचित

**पटना।** चुनाव आयोग की बाध्यता एवं पार्टी संविधान के मद्देनजर सोमवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू यादव ने पर्चा भरने की औपचारिकता पूर्ण की। इसके साथ ही निर्वरोध निर्वाचन भी तय हो गया है। लालू 13वीं बार पार्टी की कमान संभालेंगे। राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डा. रामचन्द्र पूर्वे एवं राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन के समक्ष चार सेटों में लालू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।




प्रत्येक नामांकन पत्र पर राष्ट्रीय परिषद के दस-दस सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि मंगलवार को दो बजे नामांकन पत्र की जांच की जाएगी।

इस बीच 1 बजे से 3 बजे के बीच नाम वापस लेने के लिए की समय सीमा निर्धारित है। यदि नामांकन सही पाया गया और नाम वापस नहीं लिया जाता है तो तीन बजे लालू को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

पांच जुलाई 2025 को पटना के बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में लालू के निर्विरोध निर्वाचन की औपचारिक घोषणा के साथ हीं प्रमाणपत्र सौंपा जाएगा। इसके उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अध्यक्षता में खुला अधिवेशन होगा जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पेश प्रस्तावों पर चर्चा होगी। गगन से बताया कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कौन व्यक्ति कितने कार्यकाल तक रह सकता है, इसे दल के संविधान में परिभाषित नहीं किया गया है।

**राबड़ी और तेजस्वी भी बने प्रस्तावक :** नामांकन पत्र पर प्रस्तावक के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अतिरिक्त शिवानंद तिवारी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, उदय नारायण चौधरी, मंगनीलाल मंडल, डा. मीसा भारती, प्रो मनोज झा, प्रेमचन्द गुप्ता, अभय कुशवाहा, कांति सिंह, अवध बिहारी चौधरी, भोला यादव, कुमार सर्वजीत, ललित कुमार यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, जय प्रकाश नारायण यादव, आलोक कुमार मेहता, चौधरी महबूब अली कैसर, शिवचन्द्र राम, भाई वीरेन्द्र, अनिता देवी, तनवीर हसन, अशोक कुमार सिंह, प्रो चन्द्रशेखर, सुनिल कुमार सिंह, स्वीटी सीमा हेम्ब्रम, मो कामरान, अनिरुद्ध कुमार यादव, बीनू यादव, उर्मिला ठाकुर, बीमा भारती, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, रामवृक्ष सदा, सतीश कुमार, संजय सिंह यादव एवं धनंजय कुमार, दीनानाथ यादव एवं मो महताब आलम के हस्ताक्षर हैं।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर से उठाया चुनाव में धांधली का मसला

## चुनाव आयोग बोला- कोई मुद्दा है तो हम मिलने को तैयार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में धांधली के उनके आरोपों पर औपचारिक रूप से पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि सभी चुनाव संसद की ओर से पारित कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जाते हैं। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरे चुनाव अभ्यास में हजारों लोगों को शामिल किया जाता है, जिसमें राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं।

एक प्रमुख दैनिक में उनके लेख के जवाब में 12 जून को राहुल गांधी को ईमेल किए गए एक पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। इसमें आयोग की ओर से नियुक्त 1,00,186 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी (आरओएस) शामिल होते हैं। इसके अलावा




महाराष्ट्र में कांग्रेस के 28,421 सहित राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की ओर से 1,08,026 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए गए हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता से कहा गया, 'हमारा मानना है कि चुनाव संचालन से संबंधित कोई भी मुद्दा कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से सक्षम न्यायालय (उच्च न्यायालय) में दायर चुनाव याचिकाओं के माध्यम से पहले ही उठाया जा चुका होगा।' चुनाव प्राधिकरण ने कहा, 'यदि आपके पास अभी भी कोई मुद्दा है, तो आप हमें लिख सकते हैं और आयोग सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और समय पर आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए भी तैयार है।'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कथित अनियमितताओं का दावा करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि कुछ गड़बड़ियां नहीं थीं, बल्कि वोटों की चोरी थी। उन्होंने मशीन-पठनीय डिजिटल मतदाता सूची के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को तुरंत जारी करने की मांग की। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच सिर्फ छह महीनों में नागपुर दक्षिण पश्चिम भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की सीट पर 29,219 नए मतदाता जुड़े।

राहुल ने लिखा, 'महाराष्ट्र के सीएम के अपने निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ पांच महीनों में मतदाता सूची में आठ फीसदी की वृद्धि हुई। कुछ बूथों पर 20-50% की वृद्धि देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों की ओर से वोट डाले जाने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं के बारे में खुलासा किया। चुनाव आयोग? चुप या मिलीभगत। ये कोई अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं।

### पीएम मोदी का पाकिस्तान को संदेश

# भारतीयों का खून बहाने वाले कहीं भी छिप नहीं पाएंगे

**प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने पर ला दिया।**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर उन्होंने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा, 'हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे।

मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है और यह रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भारत में निर्मित हथियारों को दुनिया भर में सराहा जाएगा। प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं।

# रेखा कैबिनेट का बड़ा फैसला : कांवड़ समितियों को डायरेक्ट मिलेगा 50 हजार से 10 लाख तक का फंड

**दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में अहम फैसला लिया गया है। कांवड़ समितियों को अब दिल्ली सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करेगी।**

### सीएम रेखा गुप्ता ने साफ कहा कि सरकार का एक-एक पैसा सीधा समितियों तक जाएगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक ली। इस बैठक में एक बड़ा फैसला लिया गया है। अब कांवड़ समितियों को दिल्ली सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करेगी। सरकार का एक-एक पैसा सीधा समितियों तक जाएगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम एक और नई नीति लेकर आए हैं। कांवड़ यात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल होते हैं। पहले सरकार टेंट, सर्विस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किया करती थी, लेकिन भक्तों तक सुविधाएं नहीं पहुंचती थीं। कांवड़ समितियों ने बताया कि आखिरी वक्त तक टेंट नहीं लगता था। कांवड़ समितियां परेशान होती थीं। सीएम रेखा ने आगे कहा कि कांवड़ समितियों को अब सरकार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करेगी। रजिस्टर संस्थाएं डीएम ऑफिस में अप्लाई करेंगी। डीएम ऑफिस में सिंगल विंडो सिस्टम पर 72 घंटे के अंतराल पर सारी सुविधाएं दी जाएंगी। इससे पहले बिलिंग पेंडिंग रहती थीं, अब हम चार कैटेगरी में पैसा देंगे। कम से कम 50 हजार रुपये, अधिकतम 10 लाख रुपये के हिसाब से सरकार फंड देंगी। 50 फीसदी पेमेंट पहले देंगे, 50 फीसदी बाद में मिलेगी। तीन महीने में एकाउंट क्लोज कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने साफ कहा कि सरकार का एक-एक पैसा सीधा समितियों तक जाएगा। जो समितियां रजिस्टर नहीं हैं, वे 30 जुलाई तक पूरे कागजात के साथ रजिस्टर करा लें। सभी डीएम, एसडीएम को बोल दिया गया है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया बेहद आसान कर दी गई है।

इस पहल का नाम मुख्यमंत्री धार्मिक उत्सव योजना रखा गया है। इसमें डॉक्टर, मेडिकल, सफाई, टेंट लगाने, लाइट की सुविधा दी जाएगी। सभी कांवड़ समितियों को 1200 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। ट्रैफिक, पुलिस प्रशासन से बैठक कर ली गई है, सिविल डिफेंस और होम गार्ड कांवड़ शिविरों में सेवाएं देंगे। कांवड़ यात्रा एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि ये एक सामाजिक उत्सव है।

# बुर्का पहनकर पहुंचा तौफीक, 5वीं मंजिल से नेहा को नीचे फेंका, इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना देखने को मिली है। दरअसल यहां 23 जून की सुबह 8 बजे, पुलिस को पीसीआर कॉल पर एक सूचना मिली। पुलिस को बताया गया कि नेहा नाम की लड़की को तौफीक नाम के एक लड़के ने छत की 5वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया है। इसके बाद आनन-फानन में घायल नेहा को नजदीकी जीटीबी नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लड़की के पिता का आरोप है कि तौफीक बुर्का पहनकर उनके घर में घुसा था। उसने



लड़की के पिता को भी धक्का दिया। इस घटना पर लड़की के पिता का कहना है कि नेहा तौफीक को राखी बांधती थी। उनका परिवार करीब 3 साल से तौफीक को जानता है।

लड़की के पिता ने बताया कि नेहा अब तौफीक से बात नहीं करना चाहती थी। फिर भी तौफीक नेहा को लगातार परेशान करता था। वह उसे धमकी भी देता था। परिवार की शिकायत के बाद पुलिस ने तौफीक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, तौफीक मुरादाबाद का रहने वाला है और फिलहाल वह फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

# काला राणा गैंग का शूटर एनकाउंटर में ढेर

### शांतनु हत्याकांड के बाद रडार पर था रोमिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ से मुठभेड़ में एक बदमाश मारा गया है। गुरुग्राम में दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर भिड़ंत हुई है। स्पेशल सेल और बदमाश रोमिल वोहरा के बीच गोलियां चलीं।



यमुनानगर के तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र के शांतनु मर्डर का रोमिल पर आरोप था। स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में रोमिल वोहरा ढेर हुआ है। हरियाणा पुलिस ने रोमिल पर एक लाख रुपये का इनाम रखा था।

अधिकारियों ने बताया कि मध्य रात्रि में काउंटर इंटेलिजेंस, स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों को हरियाणा पुलिस से एक वांछित अपराधी रोमिल वोहरा के बारे में सूचना मिली थी। जो यमुना नगर का रहने वाला था। डेरा मंडी के पास दिल्ली-हरियाणा सीमा के आसपास के क्षेत्र में एक संयुक्त जांच अभियान चलाया गया।

# चिंताजनक: दिल्ली-एनसीआर के युवाओं में बढ़ रही फेफड़ों की बीमारी



### कारण हैं प्रदूषण बढ़ना, संक्रमण, धूम्रपान, वैपिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण, वायरल सहित दूसरे संक्रमण व धूम्रपान के कारण युवाओं में फेफड़ों की बीमारी बढ़ रही है। दिल्ली के निजी लैब में हुई जांच के आंकड़े बताते हैं कि 20 से 30 साल के युवाओं में यह समस्या सबसे अधिक है। डॉक्टरों की सलाह पर करवाए गए सीटी स्कैन से पता चलता है कि युवाओं में फेफड़ों की शुरूआती बीमारियां बढ़ रही है। यदि समय पर इस रोग का इलाज न करवाया जाए तो भविष्य में समस्या जटिल हो सकती है।

विशेषज्ञों की माने तो सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर मानक से कई गुना अधिक पहुंच जाता है। यह सीधे फेफड़ों पर असर डालता है। इसके अलावा कोरोना के बाद वायरल फीवर की समस्या बढ़ी है। संक्रमित होने के बाद मरीज लंबे समय तक बीमार रहता है। कई मामलों में वायरल एक से दो माह तक परेशान करता है। युवाओं में धूम्रपान करने की आदत भी बढ़ी है जो फेफड़ों की समस्याओं को बढ़ा रहा है।

**चार हजार रिपोर्ट का हुआ विश्लेषण :** वर्ष 2024 में किए गए 4 हजार से ज्यादा स्कैन में करीब 29 फीसदी मामलों में फेफड़ों की संरचना में बदलाव दिखा। इसमें ब्रोंकाइटिस, इम्फाइसीमा, फाइब्रोसिस और ब्रोंकियल वॉल मोटी होना सहित दूसरी समस्या दिखी।

**तीन में से एक में मिली समस्या :** रेडियोलॉजिस्ट डॉ. हर्ष महाजन का कहना है कि बीते साल किए गए सीटी चेस्ट स्कैन से तीन में से एक मामलों में फेफड़ों में ऐसे बदलाव नजर आ रहे हैं जो पहले ज्यादातर बुजुर्गों में दिखते थे। इनमें से कुछ बदलाव स्थायी होते हैं। इसमें ब्रोंकाइटिस और शुरूआती इम्फाइसीमा शामिल है। अगर समय रहते इन बदलावों को न पहचाना जाए तो आगे चलकर ये गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। समय पर स्क्रीनिंग करवाने से समस्या जल्द पकड़ में आ सकती है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 25 जून-2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# नगर निगम की बोर्ड बैठक को लेकर हो गया ऐलान

# 30 जून को होगी बैठक और दोनों पक्ष होंगे आमने-सामने

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स के बढ़ाए जाने के विरोध में पूरा पार्षद टोला लामबंद हो रहा है। ये संख्या बढ़ रही है और पार्षदों ने ये मांग की थी कि हाउस टैक्स वृद्धि के मुद्दे पर विशेष बोर्ड बैठक बुलाई जाए। इससे पहले भाजपा के पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला, फिर इस मामले में गति तब आई जब भाजपा के ही पार्षद और पार्षद पति एक साथ हाथ मिलाकर आ गए। वो लगातार विरोध कर रहे हैं और अब इस जंग का रंग 30 जून को आएगा। मेयर ने हाउस टैक्स बोर्ड बैठक कॉल कर ली है।

ये बैठक 30 जून को होगी और इस बैठक में दोनों ही पक्ष पूरी तैयारियों के साथ आएंगे। अधिकारी अपनी तैयारियों के साथ आएंगे और पार्षद अपनी तैयारियों के साथ आएंगे। अधिकारी शुरू से ये कह रहे हैं कि उन्होंने जो कर बढ़ाया है वो नियम अनुसार है और पार्षद लगातार निगम एक्ट का हवाला दे रहे हैं और वो कर वृद्धि को सरासर गलत बता रहे हैं। अब जब कि 30 जून की तारीख बोर्ड बैठक के लिये तय हो गई है तो सदन में ये लड़ाई आमने-सामने होगी। पार्षद अपना तर्क रखेंगे और अधिकारी अपनी बात रखेंगे।



## पार्षद रखेंगे तर्कों के साथ अपनी बात

**(करंट क्राइम)।** निगम से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि हाउस टैक्स वाली बैठक को लेकर पार्षद नई रणनीति के साथ आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि उनका मानना है कि अधिकारी शुरू में ऐसे मुद्दों को लेकर आते हैं जिनपर बहस शुरू हो जातीं है और फिर इस पर हंगामा होता है और इसी बीच लंच की घंटी बज जाती है। तब तक कई पार्षद बैठक के बीच से चले जाते हैं और जब धीरे-धीरे सीन शाम की तरफ बढ़ता है तो फिर अधिकारी उन मुद्दों को ले आते हैं, उन प्रस्तावों को ले आते हैं जिन्हें वो पास कराना चाहते हैं और फिर आपा-धापी में ये प्रस्ताव पास भी हो जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार पार्षदों ने आपस में तय कर लिया है कि वो एक-एक करके बात रखेंगे और भले ही शाम से रात हो जाए, लेकिन वो निगम सभागार नहीं छोड़ेंगे, वो बैठक को नहीं छोड़ेंगे और अफसरों की इस रणनीति में नहीं आएंगे। पूर्व पार्षद पूरे केस को स्टडी कर चुके हैं। वो इस संबंध में बाकायदा जानकारियां दे चुके हैं और सूत्र बताते हैं कि उन्हीं के द्वारा ये बताया गया है कि अधिकारी किस तरह से बैठक को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश करेंगे। सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने पार्षदों की बैठक हो चुकी है जिसमें ये तय हो चुका है कि कोई भी एग्रेसिव मोड में नहीं आएगा। अधिकारियों को ये मौका नहीं दिया जाएगा कि वो किसी मुद्दे पर नाराज होकर बैठक छोड़कर चले जाएं। सभी अपनी बात रखेंगे।

## पहले भी विरोध किया, अब भी विरोध करेंगे, बढ़ा हुआ टैक्स नहीं चलेगा : गौरव सोलंकी



**(करंट क्राइम)।** पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा 30 जून को महापौर द्वारा बोर्ड बैठक होना प्रस्तावित की जानकारी मिली है। यह पार्षदों का पहला प्रयास है, उन्होंने कहा किसी भी हालत में बढ़ा हुआ, हाउस टैक्स जमा नहीं होगा। मैंने इसका पहले भी विरोध किया है और आगे भी करेंगे। पुराने दर पर हाउस टैक्स लोग जमा करें। अधिकारी पुरानी दर पर ही हाउस टैक्स लें। बढ़ाना है तो 10% हाउस टैक्स बढ़ा सकते हैं। लेकिन पहले जिन भवनों पर हाउस टैक्स नहीं लगा उन पर लगे। टैक्स चोरी करने वाले हाउस टैक्स के खिलाफ कार्रवाई हो।

## पार्षदों ने बना ली है रणनीति, नहीं करेंगे कोई हंगामा

**(करंट क्राइम)।** ये उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बार बोर्ड बैठक हंगामेदार होगी, लेकिन सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने रणनीति तैयार कर ली है और इसके लिये वो ये तय करके आएंगे कि कोई भी पार्षद सदन में एग्रेसिव नहीं होगी, आक्रामक नहीं होगा और सबसे बड़ी बात ये है कि पार्षद वन-टू-वन अपनी बात रखेंगे। बोर्ड बैठक को हंगामे की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। सूत्र बताते हैं कि ये तय हो गया है कि भले ही बैठक लेट हो जाए, लेकिन अपनी बात रखी जाएगी।

## मैच में रहेगा कप्तान-खिलाड़ी-रेफरी और कोच का रोल

**(करंट क्राइम)।** नगर निगम का विशेष सत्र 30 जून को होगा। ये विशेष बोर्ड बैठक होगी और इसके एक तरीके से नगर निगम अधिकारी एकादश और पार्षद 100 के बीच का मैच का माना जा रहा है। ये कहा जा रहा है कि निगम अधिकारियों वाली टीम की कप्तानी नगर आयुक्त संभालेंगे और अधिकारियों ने तय कर लिया है कि किस मुद्दे पर कौन अधिकारी जवाब देगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि पार्षदों की टीम में सभी खिलाड़ी हैं औरसभी कप्तान हैं। क्योंकि नगर निगम की मुखिया इस मैच में रेफरी की भूमिका में रहेंगी। मैच रोचक होगा इसमें कोई दो राय नहीं और सबकी निगाहें मेयर पर ही रहेगी। यहां एक खेमा बड़ा रोल निभाएगा और वो खोमा कोच खेमा है। ये खेमा भले ही मैदान के बाहर रहेगा लेकिन उसने खिलाड़ी तैयार किये हैं। कोच की भूमिका में नगर निगम के पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी रहेंगे। राजेंद्र त्यागी ने ही इस मामले में हाईकोर्ट में रिट डाली है और राजेंद्र त्यागी कोच के रूप में बाकायदा शिप्रा सनसिटी जाकर पार्षदों को कोचिंग देकर आए हैं। उन्हें वो क्लास में बताकर आए हैं कि किस-किस क्लॉज पर क्या बोलना है। जब अधिकारी नियम बताएंगे तो क्या कहना है।

## हाउस टैक्स पर चल रहे छूट की तिथि बढ़ाई जाए: डॉ अनिल तोमर



**(करंट क्राइम)।** नगर निगम के पार्षद डॉ अनिल तोमर का कहना है कि पार्षदों का पहला प्रयास पूरा हुआ है। अब 30 जून को बोर्ड बैठक है। उसपर सभी पार्षदों का एक ही मुद्दा रहेगा, की बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस लिया जाए। और जो छूट चल रही है उसको आगे बढ़ाया गए। उन्होंने कहा कि महापौर को मैंने पत्र के माध्यम से भी जानकारी दी है कि प्राइवेट सोसाइटी में नगर निगम काम नहीं कर सकता, यदि काम करता है, तो हमारे वार्ड की सोसायटियों में भी काम हो।

## पार्षदों की हो बढ़े हुए हाउस टैक्स पर वोटिंग: नीरज गोयल



**(करंट क्राइम)।** पार्षद नीरज गोयल ने बताया कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ेगा। इसका खुलकर विरोध हो रहा है और करेंगे। सभी पार्षदों की वोटिंग होना चाहिए, उसी के आधार पर हाउस टैक्स बढ़ेगा। पहले की तरह अब पार्षद गुमराह नहीं होंगे, जो नियम है, 2 साल में 10% हाउस टैक्स बढ़ता है, उतना ही बढ़ाया जाए। जो लोग हाउस टैक्स चोरी करते हैं, अधिकारियों को उन लोगों की जांच करके हाउस टैक्स लगना चाहिए। इस बोर्ड बैठक में अधिकारियों की मनमानी नहीं होगी और हाउस टैक्स का मुद्दा ही मेन रहेगा।




## अफसर और पार्षदों ने कर ली है अपनी-अपनी तैयारियां




**(करंट क्राइम)।** 30 जून को होने वाली बैठक सबसे रोचक बैठक होगी। यहां अधिकारी दस्तावेजों के साथ आएंगे, तर्कों के साथ आएंगे और वो अपने फैसले को पूरी तरह नियमों के परिप्रेक्ष्य में सही बताएंगे। वहीं सूत्र बताते हैं कि पार्षद भी लगातार तैयारी कर रहे हैं। जब अधिकारी चार गुणा टैक्स बताएंगे तो पार्षद भी सदन में कागजों के साथ आएंगे। वो बताएंगे कि किस तरह से बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकारी तर्क रखेंगे और पार्षद भी पूरा होमवर्क करके आएंगे। मेयर की भूमिका पर सभी की निगाहें रहेंगी। कई टैक्निकल मुददे भी इस बैठक में उठेंगे।

## हाउस टैक्स बढ़ाकर जो जनता पर बोझ डाला गया वापस हो: नरेश भाटी



**(करंट क्राइम)।** पार्षद नरेश भाटी ने कहा 30 जून को बोर्ड बैठक होने की जानकारी मिली है। बोर्ड बैठक में सिर्फ बढ़े हुए टैक्स पर चर्चा होगी। बढ़ा हुआ टैक्स वापस हो और जनता के साथ पार्षदों का परिवार की तरह रिश्ता है, जनता पर कोई बोझ डालेगा, तो बर्दाशत नहीं होगा। उन्होंने पार्षदों से निवेदन किया है कि जो होने वाली बोर्ड बैठक है ,उसमें सिर्फ हाउस टैक्स पर ही चर्चा हो और अपनी राय रखें।

# प्रदूषण होगा दूर, कार्बन क्रेडिट इस्तेमाल करने वाला भारत का दूसरा नगर निगम बना गाजियाबाद

### गीले कचरे से कंपोस्टिंग और एलईडी लाइट के प्रयोग ने गाजियाबाद के लगभग दो लाख 70 हजार कार्बन उत्सर्जन में लाई कमी

## सुधरेगी शहर की दशा और आबोहवा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम जहां डेवलपमेंट कर रहा है। तो वहीं वह सेहत और पर्यावरण का भी ध्यान रख रहा है। गाजियाबाद नगर निगम भारत का दूसरा निगम बना है, जो कार्बन क्रेडिट पर काम करेगा। इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। कार्बन क्रेडिट से पर्यावरण संरक्षण बढ़ेगा, तो वहीं नगरीय निकायों में राजस्व की भी वृद्धि होगी। इस सफलता पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि गीले कचरे से कमपोस्टिंग और एलईडी लाइट के उपयोग के कारण गाजियाबाद में लगभग 2 लाख 70 हजार कार्बन उत्सर्जन की कमी आई है।





इसकी वजह से गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति सुधरेगी, तो पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश जा रहा है। वहीं महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि नगर निगम को वैश्विक मंच पर कार्बन क्रेडिट परियोजना में पंजीकृत होना शहरवासियों के लिए भी गौरव की बात है। नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि भारत में गाजियाबाद नगर निगम दूसरा निगम बना है, जो स्थायित्व और जलवायु कार्रवाई की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने वाला है।

## वायु प्रदूषण की स्थिति होगी मजबूत, निगम की आय भी बढ़ेगी



**करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा नए माइलस्टोन स्थापित किया जा रहे हैं। तो महापौर और नगर आयुक्त की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है कि कार्बन क्रेडिट परियोजना अपनाने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। तो वहीं इसका फायदा पर्यावरण की दृष्टि से भी गाजियाबाद और आसपास के लोगों को मिलेगा। वहीं महापौर सुनीता दयाल में कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा परियोजना महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। महापौर ने कहा है कि कार्बन क्रेडिट परियोजना पंजीकरण होने के बाद गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जो पूरे शहर के लिए हर्ष का विषय है। इस दौरान महापौर द्वारा लोगों से सहयोग की अपील भी की गई है कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालें। साथ ही नगर निगम के अधिकृत वाहनों में ही कूड़ा डालें और गीले कचरे से कंपोस्टिंग हेतु मोटिवेट भी किया जाए। वही नगर निगम के अधिकारियों कहना है कि इससे निगम को भी फायदा होगा और शहर की दशा और दिशा भी बेहतर होकर सुधरेगी।

# आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं गाजियाबाद

### पहुंचेंगे दिवंगत रवि शर्मा के घर पर और जताएंगे शोक संवेदना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के मिल्क रावली गांव में रहने वाले रवि शर्मा की थाने के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। भाजपा का कोई नेता अभी इस हत्याकांड में मारे गए रवि शर्मा के घर नहीं पहुंचा है। लेकिन कांग्रेस यहां आगे आई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वो आज सुबह साढ़े ग्यारह बजे मिल्क रावली गांव में पहुंचेंगे। यहां वो गोलीकांड के शिकार हुए रवि शर्मा के घर पहुंचेंगे और उनके परिजनों से मिलेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रवि शर्मा के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। इस दौरान उनके साथ कई कांग्रेस के नेता भी रहेंगे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने रवाना किए भंडारे की सामग्री से भरे तीन ट्रक






**29 जून से शुरू हो रही है अमरनाथ यात्रा**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नेहा सेनिटेशन फर्म के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखा तीन ट्रकों को इंदिरापुरम न्यायखंड-1 से जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया।

भंडारे की सामग्री से लदे ट्रकों को सजाकर, जय भोले, हरहर महादेव, जय बाबा अमरनाथ बर्फानी, बोल बम-बम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यह नजारा देख भोले के भक्त, मोहल्ले वासी हर्ष उल्लास से भर गए। अमरनाथ जाने वालों के साथ अन्य शिव भक्त भी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बताया कि बाबा अमरनाथ यात्रा मार्ग शेषनाग जम्मू-कश्मीर में भंडारा लगाया जाता है, वहां अमरनाथ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, पानी, चाय-नास्ता, शौचालय, स्नानघर, यात्रियों के ठहरने व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाती है। यह पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा द्वारा 30वां भंडारा है जो अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लगता है। इस वर्ष 30वां विशाल भंडारा लग रहा है। पूर्व में भी इस भंडारे में लगभग सैकड़ों यात्रियों के ठहरने व खाने-पीने आदि की व्यवस्था की जाती रही है। इस वर्ष उसे बढ़ाकर सैकड़ों व्यक्तियों का किया जा रहा है। उक्त ट्रकों के साथ कुछ सेवादार भी जा रहे हैं जो भंडारे की तैयारियां शुरू करेंगे। 29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है, 19 अगस्त तक यात्रा रहेगी। 9 जुलाई से भंडारा शुरू होगा।

# जब तक नहीं करेंगे प्रदेश अध्यक्ष अपना आसन ग्रहण तब तक सरकारी कृपा पर लगा रहेगा होल्ड वाला ग्रहण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जो भाजपा देवतुल्य सरकारी कृपा का इंतजार कर रहे हैं तो उनके लिए खबर ये है कि अभी उनकी वेटिंग बढ़ सकती है। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में ताजपोशी पर, सरकारी कृपा पर अध्यक्ष वाली घोषणा का ग्रहण लग गया है। जब तक उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो जायेगी, तब तक सरकारी कृपा की घोषणा नहीं होगी। सूत्र बताते हैं कि मामला प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा और उनकी टीम से जुड़ा है। जून का महीना छोडो और अगस्त के महीने में भी घोषणा नहीं होगी। भाजपा वालों के लिए जुलाई का भी सियासी सूखे का महीना होगा। सूत्र बताते हैं कि जितनी लिस्ट यहां से पहले भेजी गई थी उन सब में हाशिये वाला ट्विस्ट आ गया है। कोई नामित पार्षद वाली घोषणा नहीं होने जा रही है। कोई जीडीए बोर्ड मैम्बर वाली लिस्ट नहीं आ रही है। इसके अलावा उपाध्यक्ष यानी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाली कृपा पर भी होल्ड लग गया है। ये सस्पेंस अभी जारी रहेगा। लेकिन जब तक उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो जाती तब तक कोई कृपा लिस्ट जारी नहीं होने जा रही है। जो लोग नामित वाली लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं उनका इंतजार बढ़ सकता है। आधा कार्यकाल तो वैसे ही बीत गया है और अब आधे कार्यकाल में भी इंतजार का ग्रहण आ गया है। इसके अलावा दर्जा प्राप्त वाली सूची भी तभी बनेगी जब नए प्रदेश आ जायेगे। लखनऊ सूत्र बता रहे हैं कि कहानी का ट्विस्ट तो ये है कि सारी की सारी लिस्ट होल्ड है। वहीं इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं में भी अब एक मायूसी सी छाने लगी है।



22 से वो ख्वाहिश पाल कर चल रहे है और 25 भी आधा बीत जायेगा लेकिन कार्यकर्ताओं को नहीं पता कि उनका नंबर कब आयेगा। उन्हें सिर्फ आयाम मिल रहे हैं और सिर्फ काम मिल रहे हैं। यहां पर ये स्थिति एक बड़ी चुनौती संगठन के लिए भी पैदा कर रही है क्योंकि नए संगठन कप्तान को पुरानी वाली टीम से काम चलाना पड रहा है।

अब नए कप्तान और पुरानी टीम की ट्यूनिंग कैसी है यह सबको पता है। कप्तान को नए नाम आने तक पुरानों से काम चलाना है। यहां सबसे बड़ी बात ये है कि जो चेहरे किसी भी उम्मीद को लेकर अध्यक्ष के साथ चल रहे हैं अब उनका इंतजार भी थकने लगा है। वहीं संगठन की ओर से लगातार आयाम आ रहे हैं और ऐसे में सभी को जोडना अपने आप में एक बड़ी चुनौती साबित होने लगता है।

## संपादकीय

# इजराइल-ईरान युद्ध ?

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के कूदने से दुनिया के सामने विकट स्थितियां पैदा हो गई हैं। ईरान ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अगर अमेरिका ने इस जंग में दखल दिया, तो न केवल उसको, बल्कि पूरी दुनिया को इसके खतरनाक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी कह दिया था कि वे लाल सागर में हमले तेज कर देंगे। शुरू में अमेरिका की कोशिश थी कि किसी तरह यह युद्ध रुक जाए, पर अब उसने खुद इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला कर दिया है। उसने अपने बंकरभेदी बमवर्षकों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बम बरसाए। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां करनी शुरू कर दी हैं।

यह युद्ध क्या शक्ल अख्तियार करेगा, यह देखने की बात है। पर ईरान ने तत्काल होर्मुज जलडमरुमध्य को बंद करने का फैसला किया है, उसी से दुनिया के अनेक देशों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस जलडमरुमध्य के रास्ते दुनिया के करीब तीस फीसद कच्चे तेल का आयात होता है। जाहिर है, यह रास्ता बंद हो जाने से तेल के जहाजों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ेगा। इससे महंगाई और बढ़ जाएगी। ईरान के इस फैसले से भारत की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि यह अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब सत्तर फीसद तेल आयात करता है। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरुमध्य के रास्ते पश्चिम एशियाई देशों के साथ बड़ी मात्रा में इसका आयात-निर्यात होता है। इन देशों के साथ भारत का निर्यात कुल 8.6 अरब डालर का और आयात 33.1 अरब डालर का होता है। इस रास्ते के बंद होने से इस व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

अमेरिकी हमले के विरोध में हूती हमलों में तेजी आई लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले के चलते भारतीय व्यापारियों को पहले ही आयात-निर्यात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अमेरिकी हमले के विरोध में हूती हमलों में तेजी आई, तो यह संकट और गहरा हो जाएगा। भारत पहले ही अपना निर्यात बढ़ाने को लेकर चिंतित है। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना चुनौती है। विनिर्माण क्षेत्र और देश के आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र मंदी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अगर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है और मध्य पश्चिमी देशों के साथ व्यापार में अवरोध पैदा होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंच सकती है। अमेरिकी हमले के बाद अभी दुनिया दम साधे इंतजार कर रही है कि ईरान इसका जवाब किस रूप में देता है। ईरान किसी भी रूप में झुकने को तैयार नहीं है। रूस सहित दुनिया के कई देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। खुद अमेरिका में इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है, इसलिए कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हमले में तय प्रक्रिया और नियम-कायदों का पालन नहीं किया। फिर यह भी कि अमेरिका या इजराइल के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं हैं कि ईरान ने परमाणु हथियार बनाने की तैयारी में था। अमेरिका की खुफिया एजंसी ने भी साफ कह दिया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा था।

# ईयू और अमेरिका के साथ एफटीए पर बातचीत तेज : वित्त मंत्री निर्मला शीतारमण

## 2025 में भारत का निर्यात 825 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जल्द ही पूरी होने वाली है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

### वित्त मंत्रालय की नीतियों ने निर्यात को सहारा दिया

इस अवसर पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा कि भारत की विकास संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों से परेशान है। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स और रत्न एवं आभूषण क्षेत्रों से निर्यात में लचीलापन देखने को मिल रहा है। इस प्रयास में वित्त मंत्रालय नीति, योजनाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया

वित्त मंत्री ने देश के निर्यात पर जोर देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि जहां भारत वैश्विक निर्यात में केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं भारत निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3 प्रतिशत की वृद्धि को पार करने में सफल रहे। 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि समझौता जल्द ही पूरा होने वाला है। भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। इंडिया एक्जिम बैंक के व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने एफटीए पर चर्चा की।

# 'ऑपरेशन सिंदूर में अदाणी समूह की कंपनी के बनाए ड्रोन्स ने निभाई अहम भूमिका', गौतम अदाणी ने किया दावा



**नई दिल्ली।** अदाणी समुह के प्रमुख गौतम अदाणी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके समूह की ओर से बनाए गए ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर में अग्रणी भूमिका निभाई थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले जवाब में शुरू किया गया था। यह एक सटीक आतंकवाद रोधी हमला था।

अपने समूह की वार्षिक शेयरधारक बैठक में बोलते हुए अदाणीनी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने आह्वान किया और हमने उसे पूरा किया। अदाणी डिफेंस की ओर से निर्मित हथियारों ने सटीक हमले किए, जबकि इसकी ड्रोन रोधी इकाइयों ने जवाबी खतरों से भारतीय संपत्तियों की रक्षा की। उन्होंने कहा, हमारे ड्रोन आसमान में नजर रखने वाली आंखें और हमले की तलवार बन गए हैं और हमारी ड्रोन रोधी प्रणालियों ने हमारे बलों और नागरिकों की सुरक्षा में मदद की है। अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजीज (अदाणी डिफेंस की 26 प्रतिशत स्वामित्व वाली) और इस्राईल की एल्बिट सिस्टम्स की साझेदारी में विकसित स्काईस्ट्राइकर लोइटरिंग म्यूनिशन या कामिकेज ड्रोन 5-10 किलोग्राम तक के हथियार ले जा सकते हैं, 100 किलोमीटर तक की कम ऊंचाई पर चुपचाप उड़ सकते हैं, और लक्ष्य पर सटीक हमला कर सकते हैं। अदाणी ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा माना है- हम सुरक्षित क्षेत्रों में काम नहीं करते हैं। हम वहां काम करते हैं जहां यह जरूरी है- जहां भारत को हमारी सबसे ज्यादा जरूरत है।

# उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 158 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 पार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.32 अंक उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 72.45 अंक बढ़कर 25,044.35 अंक पर आ गया।

उतार-चढ़ाव के साथ भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष विराम की खबरों ने बाजार को सहारा दिया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.32 अंक या 0.19 प्रतिशत उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 72.45 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 25,044.35 अंक पर आ गया।



## मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये और मुद्रास्फीति पर कोई खास दबाव नहीं, एसएंडपी ने किया दावा

**नई दिल्ली।** मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर अधिक दबाव पड़ने की संभावना नहीं है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार यह दावा किया है। एजेंसी के अनुसार, वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राहत कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले साल की तुलना में कम हैं- एक साल पहले ब्रेंट कच्चे तेल का कारोबार लगभग 85 डॉलर प्रति बैरल पर हुआ था और वर्तमान कीमतें उस तुलना में अब भी कम हैं। राणा ने पीटीआई-भाषा से कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी - ऊर्जा की कीमतों में मामूली वृद्धि हो सकती है, लेकिन खाद्य कीमतों के बढ़ने से मुद्रास्फीति पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। कुल मिलाकर, हमें भारतीय रुपये या मुद्रास्फीति पर कोई खास दबाव की उम्मीद नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा यह घोषणा किए जाने के बाद कि इजरायल और ईरान पूर्ण एवं समग्र युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं।



# ईपीएफओ ग्राहकों के लिए खुशखबरी, अग्रिम दावों के लिए ऑटो सेटलमेंट की सीमा एक लाख से बढ़कर पांच लाख हुई

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने अग्रिम दावों के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। इस फैसले से ईपीएफओ सदस्यों को अचानक जरूरत पड़ने पर तेजी से पैसे मिल सकेंगे। विभाग की ओर से दी गई इस सुविधा का लाभ लाखों सदस्यों को मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को यह बात कही।




उन्होंने कहा कि ईपीएफओ ने सदस्यों को त्वरित वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान पहली बार अग्रिम दावों के ऑटो-सेटलमेंट की शुरूआत की थी।

दूसरी ओर, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के सदस्यों के लिए एक और अच्छी खबर खबर है। अब भुगतान की राशि का दावा करना पहले की तुलना में आसान हो गया हो गया है और इसके लिए चेक लीफ या पासबुक की जरूरत नहीं रह गई है। श्रम विभाग ने अपने एक्स हैंडल पर भी इससे जुड़ी जानकारी साझा की है।

विभाग ने लिखा है, सदस्यों के लिए बड़ी खुशखबरी! अब अपना दावा दाखिल करना हुआ आसान - अब चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीरें अपलोड करने की जरूरत नहीं। नई सरलीकृत ऑनलाइन प्रक्रिया के साथ, अब आप बस कुछ ही क्लिक में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। यह तेज, परेशानी मुक्त है, और आपका समय बचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष दुष्यंत गुप्ता के जन्मदिन पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने उनके यशस्वी जीवन लंबी आयु और सर्व मंगल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। राजेंद्र मित्तल का सभी के साथ खुशियां बांटने का यह अपना अंदाज है वह कभी भी अपनों की खुशियों में शामिल होना नहीं भूलते।

## 25 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



करिश्मा कपूर
अभिनेत्री



हिमांशु



पूजा चड्ढा



रूबी



शैली




महंत मार्तंड पशुपति



भूषण त्यागी



प्रताप सिंह



आदिब कमाल



अंशुल शर्मा



दीपक सिंह



दुष्यंत गुप्ता



मोंटी कालरा



हैप्पी रस्तौगी



मुस्तकीम अब्बासी



दीपेन्द्र मिश्रा



कवि राजेश
बाजपेई प्रशून



किशन रायमाझी



आसिफ



रोहताश कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष :** सुख के साधन जुटेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृष :** यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। आजीविका में नए अवसर मिलेंगे।

**मिथुन :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय-व्यय बराबर रहेंगे। धैर्य रखें। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है, उसे टालें।

**कर्क :** वाणी पर नियंत्रण रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। राजकीय सहयोग मिलेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। खान-पान का ध्यान रखें।

**सिंह :** शत्रु परास्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।

**कन्या :** रोग, भय व चिंता का माहौल बन सकता है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। पुराने कार्यों का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

**तुला :** चोट व रोग से बचें। शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम न उठाएं। भागदौड़ रहेगी। छोटी-बड़ी बात से परेशानी होगी।

**वृश्चिक :** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लापरवाही न करें। प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा मिलेगी। प्रतिष्ठा बनी रहेगी। अधिकतर सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु :** चोट व रोग से बाधा संभव है। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। धनार्जन होगा। व्यावहारिक संबंधों का लाभ ले पाएंगे।

**मकर :** रोजगार में वृद्धि होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। उत्साहवर्धक समाचार आएंगे। अनुकूल स्थिति बनेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य पर व्यय होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। अपरिचितों पर भरोसा न करें। विवाद न करें। वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक समस्याओं का हल निकलेगा।

**मीन :** प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। शुभ समय। बकाया वसूली होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। स्वयं का सोच, लगन, मेहनत पर विश्वास करें।

## चुटकुले

मेले में बहुत भीड़ थी...
टोलू एक महिला से कहने लगे -
माफ कीजिए मैं कुछ देर आपसे बातें करना चाहता हूं
महिला - इससे आपका क्या फायदा होगा?
टोलू- दरअसल, मेरी पत्नी खो गई है।
वह मुझे आपसे बातें करते हुए देखेगी तो गोली की तरह यहां पहुंच जाएगी।

---

पत्नी - तुम बहुत स्वार्थी हो
पति - भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी - जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम Our Documents भी तो रख सकते थे न....
पति- अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

---

पति- अपने मैरिज सर्टिफिकेट को एक घंटे से देख रहा था,
पत्नी- तुम 1 घंटे से क्या देख रहे हो ??
पति- expiry date ढूंढ रहा था, लिखी ही नहीं है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# जिस टूनार्मेंट को कोच ने 9 बार जीता उसे पहली बार जीतना चाहेंगे नीरज, गोल्डन स्पाइक में लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारत को दो बार ओलंपिक पदक दिलाने वाले भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। वह चोट के चलते पिछले दो बार से इस टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। यह वही टूनार्मेंट हैं जिसे नीरज के कोच और विश्व रिकॉर्ड होल्डर जेन जेलेज्नी ने अपने करियर में नौ बार जीता था। उन्होंने 1986 से 2006 के बीच खिताब हासिल किए।

### अच्छी लय में दिख रहे हैं नीरज

27 साल के नीरज इस सीजन अच्छी लय में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने हाल ही में पेरिस डायमंड लीग जीता था। उन्होंने पिछले महीने दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहते हुए 90 मीटर का आंकड़ा भी पार किया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। अब नीरज की नजरें गोल्ड स्पाइक टूनार्मेंट को जीतने पर होंगी। 1961 से शुरू हुए गोल्डन स्पाइक टूनार्मेंट में नीरज के सबसे बड़ी प्रतिद्वंदी जूलियन वेबर हिस्सा नहीं ले रहे हैं। वहीं, ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स पिछले कुछ समय से लंबे थ्रो नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में नीरज को खिताब जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस टूनार्मेंट से पहले नीरज ने कहा, जब मैं बच्चा था, तो मैंने उसैन बोल्ट जैसे एथलीटों की यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारी वीडियो और तस्वीरें देखी थीं। मैं पिछले साल आया था, लेकिन चोट के कारण मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर सका। अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, लेकिन मैं 90 मीटर के लिए खुद पर कोई दबाव नहीं डालना चाहता।

# पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको बाहर; इंटर मियामी और पाल्मेरास भी अगले दौर में





**पेरिस।** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। वहीं, पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला, जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही।

सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा।

इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूनार्मेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4-0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

इंटर मियामी और पाल्मेरास के बीच मैच का ड्रॉ होना ही नॉकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा, लेकिन ब्राजील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

# कमल चावला एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में, पारस भी अंतिम 16 में





**नई दिल्ली।** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूनार्मेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# एथलीट तेजस्विन और अनिमेष टॉप्स डेवलपमेंटल ग्रुप में शामिल, जिमनास्ट प्रणति टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप में



**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर, धावक अनिमेष कुजूर और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के डेवलपमेंटल ग्रुप में शामिल किया, जबकि खेल मंत्रालय ने जिमनास्ट प्रणति नायक को टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया है।

ज्यादातर अमेरिका में रहने वाले 26 वर्षीय तेजस्विन पिछले महीने एशियाई चैंपियनशिप में दो डेकाथलॉन पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए थे। उन्होंने पिछले चरण में कांस्य पदक और पिछले महीने रजत पदक जीता था। वहीं 22 वर्षीय कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में 20.32 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ कांस्य पदक जीता। यह किसी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में उनका पहला पदक था।

टॉप्स के डेवलपमेंटल ग्रुप में शामिल खिलाड़ियों को 25,000 रुपये का मासिक भत्ता मिलता है और उन्हें दीर्घकाल में पदक का दावेदार माना जाता है। इस सूची में चार गुणा 100 मीटर की चौकड़ी अबिनया राजराजन, स्नेहा शानुवल्ली, नित्या गंधे और श्रवानी नंदा भी शामिल हैं। उन्होंने एशियाई प्रतियोगिता में इस स्पर्धा में रजत पदक जीता था। मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) की हाल ही में हुई बैठक के बाद एशियाई स्पर्धा से ऊंची कूद की एथलीट पूजा, सर्विन सेबेस्टियन (पैदल चाल), विथ्या रामराज (बाधा दौड़), सचिन यादव (भाला फेंक), यूनुस शाह (मध्यम दूरी के धावक) को इस ग्रुप में शामिल किया गया।

# भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन

## 77 साल की आयु में लंदन में ली अंतिम सांस




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन हो गया। 1947 में जन्मे दोशी ने 77 साल की आयु में लंदन में अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दोशी क्रिकेट करियर के बाद एक सफल हिंदी कॉमेंटेटर के तौर पर भी बेहद लोकप्रिय रहे।

### स्पिन गेंदबाजी की दुनिया में किसी परिचय के मोहताज नहीं

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट झटकने वाले दोशी ने 238 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 43 बार पांच विकेट लिए। छह बार एक मैच में 10 विकेट झटके। उनके निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वे अपने पीछे कौशल, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। हाल ही में दोशी को बीसीसीआई ने एक समारोह में सम्मानित भी किया था। वे इस महीने की शुरूआत में लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी शामिल हुए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज दोशी का निधन ह्रदय संबंधी बीमारियों के कारण हुआ। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक दोशी बीते कई वर्षों से लंदन में ही रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन और बेटी विशाखा हैं। बेटा नयन इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट- सरे और महाराष्ट्र के सौराष्ट्र से क्रिकेट खेल चुका है।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर : 1979 में पदार्पण, 1984 में रिटायर

1970 के दशक में 32 साल की आयु में क्रिकेट में पदार्पण करने वाले दिलीप दोशी का अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत लंबा नहीं रहा। उन्होंने 1980 के दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दोशी ने अपनी आत्मकथा- स्पिन पंच में क्रिकेट करियर पर विस्तार से बातें की हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट झटकने वाले दोशी ने 238 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 43 बार पांच विकेट लिए। छह बार एक मैच में 10 विकेट झटके।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लॉड्र्स पर दिखे थे

उनके निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वे अपने पीछे कौशल, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। हाल ही में दोशी को बीसीसीआई ने एक समारोह में सम्मानित भी किया था। वे इस महीने की शुरूआत में लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी शामिल हुए थे।

### बीसीसीआई ने जताया शोक

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दिलीप दोशी की तस्वीर साझा कर इस दुखद खबर के बारे में जानकारी दी। एक्स पर जारी इस संदेश में बोर्ड ने कहा, 'बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। उनका लंदन में निधन हो गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।'

### कैसा रहा दिलीप दोशी का शानदार क्रिकेट करियर

33 टेस्ट मैचों में 114 विकेट झटकने वाले दोशी कितने सफल फिरकी गेंदबाज रहे, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने छह बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया। वनडे क्रिकेट में भी दोशी बेहद किफायती गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने 15 मैचों में महज 3.96 की इकॉनमी के साथ 22 विकेट लिए। भारत के लिए खेलने के अलावा दोशी ने घरेलू क्रिकेट में भी खूब हाथ आजमाए। उन्होंने सौराष्ट्र और बंगाल की टीम के साथ भी क्रिकेट खेली। इसके अलावा विदेशी काउंटी क्रिकेट में दोशी ने वारविकशायर और नॉटिंघम शायर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेली।

### दिलीप दोशी के निधन पर कुंबले ने जताया शोक

दोशी के निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ समेत कई दिग्गजों ने शोक जताया। पूर्व स्पिनर और कप्तान रहे अनिल कुंबले ने दोशी के निधन पर एक्स पर लिखा, 'दिलीप भाई के निधन की खबर सुनकर दिल टूट गया। भगवान उनके परिवार और दोस्तों को इस दुख को सहने की शक्ति दे।' कुंबले ने दोशी के बेटे नयन को दोस्त बताकर उनका का भी उल्लेख किया और कहा कि वे दुख की इस घड़ी में उनके साथ हैं।

### सचिन ने जताया दुख

भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी दिलीप दोशी के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- 'मैं दिलीपभाई से पहली बार 1990 में यू.के. में मिला था, और उस दौरे पर उन्होंने नेट्स में मेरे लिए गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे, और मैंने भी उनकी भावनाओं का जवाब दिया। दिलीपभाई जैसे गर्मजोशी से भरे दिल वाले व्यक्ति की बहुत याद आएगी। मैं उन क्रिकेट संबंधी बातचीत को बहुत याद करूंगा जो हम हमेशा किया करते थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।'

# केएल राहुल को है यकीन- पहले मैच का नतीजा जरूर निकलेगा, लेकिन नहीं लिया विजेता टीम का नाम



**मुंबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है कि लीड्स के हेडिंग्ले में पहले टेस्ट का नतीजा जरूर निकलेगा। हालांकि, उन्होंने किसी टीम का नाम नहीं लिया। राहुल ने कहा कि भारतीय टीम पांचवें दिन ज्यादा से ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश करेगी। राहुल ने पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि उन्हें इस मुकाबले के ब्लॉकबस्टर नतीजे का इंतजार है।

'पहले लगा था कि मैच ड्रॉ की ओर बढ़ेगा...'

भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और राहुल (137 रन) के शतकों से इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने चौथे दिन स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं और उन्हें 350 और रन की जरूरत है, जबकि भारत को जीत के लिए 10 विकेट चाहिए। राहुल ने कहा, 'ब्लॉकबस्टर फिनिश का इंतजार है। जब टेस्ट शुरू हुआ तो मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी के मुफीद विकेट है और यह ड्रॉ की ओर बढ़ेगा, लेकिन विकेट बदल रहा है, इस पर टूट-फूट है। पांचवें दिन दरारें खुलनी चाहिए।'

पंत से मैदान पर क्या बात हुई?

यह पूछने पर कि जब पंत अजीब शॉट खेलते हैं तो उनसे क्या बात होती है तो इस पर राहुल ने कहा, 'बस चुप रहो। मैंने उनके साथ कुछ साझेदारियां निभाई हैं लेकिन उनकी मानसिकता समझना हमारे लिए मुश्किल है। पर आपको उन्हें वैसे ही बल्लेबाजी करते रहने देना चाहिए। आपको उनसे बात करनी चाहिए, उन्हें शांत रखना चाहिए।'

अपनी बल्लेबाजी पर बात करते हुए राहुल ने कहा, 'मेरे लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, बस अब मैं रन बना रहा हूं। मैं पहले शुरूआत को बड़ा स्कोर नहीं बना पाता था। लेकिन अब बहुत सी चीजें बदल गई हैं। मैं शांत हूं और संख्याओं पर ध्यान नहीं देता। मैंने अभिषेक नायर के साथ बहुत समय बिताया है। जब भी मुझे देश के लिए खेलने का मौका मिलता है, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। बार बार मौके मिलना शानदार है।'

अंतिम दिन के बारे में बात करते हुए कहा, 'पांचवें दिन नतीजा निकलेगा। यह दिलचस्प दिन होगा। विकेट पहले पारी की तरह आसान नहीं है। हम जितना संभव हो उतना दबाव बनाने की कोशिश करेंगे।' भारत की दूसरी पारी 364 रन पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए। इस तरह भारत को छह रन की बढ़त हासिल थी, जिसे मिलाकर कुल बढ़त 470 रन की हुई और इंग्लैंड को 471 रन का लक्ष्य मिला।

# धिनिधी देसिंघू का एक्वाटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन, नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली।** धिनिधी देसिंघू ने सोमवार को 78वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। धिनिधी ने चैंपियनशिप के दूसरे दिन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दो मिनट 2.97 सेकेंड के समय से नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया जबकि शोअन गांगुली ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले का प्रतियोगिता रिकॉर्ड अपने नाम किया।शोअन गांगुली ने दो मिनट 4.34 सेकेंड के समय से कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में नया प्रतियोगिता रिकॉर्ड बनाया। दिल्ली के कुशाग्र रावत ने 15 मिनट 32.95 सेकेंड के समय से 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता और सिंगापुर में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप का बी क्वालिफिकेशन स्तर हासिल किया।

# काली पट्टी बांधकर उतरे दोनों टीमों के खिलाड़ी, दिलीप दोशी को दी श्रद्धांजलि



**हेडिंग्ले।** हेडिंग्ले में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का आखिरी दिन है और इस दिन दिनों ही टीमों के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर उतरे हैं। ये इस मैच में तीसरा मौका है जब खिलाड़ियों ने अपने बाजुओं पर काली पट्टी बांधी है। मैच के पहले और तीसरे दिन भी ऐसा हुआ था।

मैच के आखिरी दिन मंगलवार को दोनों टीमें मैच के शुरू होने से पहले मैदान पर आईं और मौन रखा। इस दौरान दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों के बाजुओं पर काली पट्टी बंधी हुई दिखी।

इसका कारण भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोषी का निधन है। लंबे समय से लंदन में रह रहे दिलीप का सोमवार रात को निधन हो गया था। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए ही आज दोनों टीमों के खिलाड़ी बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर उतरे हैं। बीसीसीआई ने अपने एक्स अकाउंट पर एक फोटो जारी करते हुए लिखा है। दोनों ही टीमों ने भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलीप दोषी की याद में काली पट्टी बांधी है जिनका सोमवार को निधन हो गया। पांचवें दिन की शुरूआत से पहले दोनों टीमों ने एक मिनट का मौन रखा।

# जय शाह जिद्दीपन और सख्ती... जय शाह को लेकर ये क्या बोल गए सौरव गांगुली



**नई दिल्ली।** सौरव गांगुली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए जय शाह की तारीफ की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ईमानदारी और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और साह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में एक साथ पदाधिकारी रहे थे। ये कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं।

गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि, उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात ये थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे।

पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित साह के बेटे होने के संदर्भ में कहा कि, देखिए उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया।

ये पहला मौका था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे। इसके पहले गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे।

गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष बने।

एक राजनीतिक परिवार के वारिस और एक प्रसिद्ध क्रिकेट स्टार के बीच आपसी रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा कि उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे जो आज भी कायम हैं।

गांगुली ने आगे कहा कि, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। जब वह सितंबर 2019 में गुजरात क्रिकेट संघ से सीधे बीसीसीआई में आए तो वह काफी युवा थे। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं।

# पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने मनाई अपनी 51वीं वैवाहिक वर्षगांठ









गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने अपने वैवाहिक जीवन की 51वीं वर्षगांठ मनाई। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने अपने सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन के 51वें सोपान को पूरा किया। उनकी 51वीं मैरिज एनिवर्सरी पर उनके सभी समर्थकों, शुभचिंतकों और परिजनों ने शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।




## मामा कर रहा था उगाही और भांजे ने कर दी इस बात की मनाही

इस बार का सदन ही कुछ ऐसा आया है कि हर मौहल्ले से उगाही के हल्ले सुनाई देते हैं। कोई पुल के नीचे बैठ कर ठेले वालों से वसूली कर लेता है। कोई ठिये वालों से मंथली बांध लेता है। एक वार्ड तो ऐसा है जहां एक पैंठ बाजार में दो पार्षद शामिल हैं क्योंकि सिस्टम हाफ-हाफ का है। फ्लावर वालों की ये शैली देख कर साईकिल वालों ने भी मान लिया कि ऐसे कैसे जाने देंगे। हम भी खायेंगे और तुम्हें भी खाने देंगे। कहानी का रोचक पहलू ये है कि सीट महिला हो गई और घर में ओबीसी बहू आ गई। अब ओबीसी बहू को मामा ससुर ने चुनाव लड़ाया और ओबीसी बहू जीत भी गई। मामा पूर्व हो गये लेकिन उन्होंने वार्ड में उगाही नहीं छोड़ी। इधर भांजे का कहना ये कि जब वोट हमें मिली हैं तो उगाही के नोट भी हमारे हैं। बताते हैं कि भांजे ने मामा को उगाही से मना किया और जब साईकिल वाला मामा नहीं माना तो भांजे ने फूल वालों से हाथ मिला लिया। फूल वाले और बडे कलाकार और उन्होंने परिवार में ही करा दी तकरार। किस्सा तो सुलझ गया है मगर अब मौहल्ले वाले पूछ रहे हैं कि एक बार मामा-भांजे को आमने सामने बिठा कर बाजार में ऐलान करा दो कि मंथली वाला पैसा दोनों में से किसे देना है।

## पार्क वाले फायर ब्रांड नेता ने दोनों को बुलाया और हिंदी में ऐसे समझाया

कहते हैं कि हर इंसान अपने अपने फन का माहिर होता है। अगर सांप पकड़ने का हुनर सपेरे के पास है तो फिर मदारी को उसमें टांग नहीं अड़ानी चाहिए। किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है और जिस मसले को निगम वाली मैडम और शहर वाले माननीय नहीं सुलझा पाये और एक अधिकारी को लेकर दोनों आपस में उलझ गये। सुना है उस मसले को पार्क वाले नेता ने मिनटों में बड़े सुलझा दिया। पार्क वाले नेता पार्षद रहे हैं और अपनी बिरादरी के फायर ब्रांड नेताओं में गिने जाते हैं। जब नायक और मैम्बर नहीं मान रहे थे तो फायर ब्रांड नेता ने दोनों को रामायण वाले पार्क में तलब कर लिया और बता दिया कि ये महाभारत अब बंद हो जानी चाहिए। सुना है कि फायर ब्रांड नेता का समझाने का अपना अंदाज है और उन्होंने जब अपने अंदाज में समझाया तो देखने वालों ने बताया कि फिर जी भाईसाहब-जी भाईसाहब हुई और दोनों मान गये।

## हाउस टैक्स सही बढ़ा है भाजपा वाले तो बेकार में विरोध कर रहे हैं

हाउस टैक्स बढ़ा और सबसे पहला मोर्चा फूल वालों ने खोला। पूर्व पार्षद से लेकर मौजूदा पार्षद तक विरोध में आ गये हैं। व्यापार मंडलों ने भी ऐलान किया कि बढ़े टैक्स का तो विरोध किया जायेगा। इस पार से लेकर उस पार वाले इस मामले में आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। आरडब्लूए वाले भी थोड़ी बहुत आवाज उठा रहे हैं। लेकिन कहने वाले ने कहा कि हमें तो ये समझ नहीं आ रहा कि आखिर जिस मुद्दे पर फ्लावर वाले फायर हो रह हैं। उस मुद्दे पर अपोजिशन के नेता क्यों कायर हो रहे हैं। ऐसा तो है नही कि सदन में केवल भाजपा के ही पार्षद हैं। सदन में तो ओवैसी वाली पार्टी की भी पार्षद हैं। सदन में तो इस बार आम आदमी पार्टी ने भी खाता खोला है। सदन में तो साईकिल वाले भी हैं और सदन में तो निर्दलीय भी हैं। लेकिन ये सारे पार्षद विरोध में क्यों नहीं आ रहे। क्या इनके वार्डों की जनता ने बढ़े हुए हाउस टैक्स को सही मान लिया है या अपोजिशन के पार्षदों को ये लग रहा है कि हाउस टैक्स सही बढ़ा है और भाजपा वाले तो बिना मतलब में विरोध कर रहे हैं। पहली बार ये हो रहा है कि सरकार वाले विरोध कर रहे हैं और अपोजिशन वाले पूरी तरह से साईलेंट मोड पर आ गये हैं।

# बिजली कटौती से जनता परेशान

## शहर में सुबह से लेकर रात तक एक एक घंटे तक बिजली कटौती, कई जगह सड़क पर उतरी भीड़



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बिजली की समस्या को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जहां सुबह से लेकर रात तक बिजली कटौती की जा रही है। कहीं आधा घंटे बिजली गायब है तो कहीं एक घंटे से भी अधिक बिजली कटौती से लोग परेशान है। बिजली विभाग के जेई व एसडीओ कॉल नहीं उठाते।

सोमवार को दोपहर से लेकर रात तक अलग अलग स्थानों पर भीड़ बिजली कटौती को लेकर सड़क पर उतर आई। आज मंगलवार सुबह से फिर से यही हाल है। रात में गाजियाबाद में जाम लगाया गाजियाबाद के ग्राम कनावनी रॉयल गार्डन डूब क्षेत्र की कॉलोनी के लोग सोमवार रात सड़क पर उतर आए। यहां कई दिनों से बिजली की समस्या को लेकर लोगों में आक्रोश है। सोमवार आधी रात लोगों ने पुस्ता रोड पर जाम लगाकर नारेबाजी कर दी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं माने। लोगों ने कहा कि बिजली विभाग के जेई व एसडीओ को लगातार फोन कर रहे हैं।

उसके बाद भी अधिकारी कॉल नहीं उठा रहे।शहर के कई इलाकों में बिजली कटौती सोमवार को शहर के इंदिरापुरम इलाके में बिजली कटौती को लेकर एक घंटे तक जाम लगाया। इसके अलावा खोड़ा, लोनी, कौशांबी, प्रताप नगर, घंटाघर, कोतवाली में भी बिजली कटौती गई। रात में थाना इंदिरापुरम की भारी पुलिस जाम लगाने वाले लोगों को समझाने में ली रही। जहां एक घंटे तक जाम की समस्या बनी रही। लोग नारेबाजी करते रहे।

# युवा कवियों ने की कविता लेखन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटिंग को कौशल विकास मंत्रालय की योजनाओं में शामिल करने की मांग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के दो युवा कवियों ने मंगलवार को प्रदेश के कौशल विकास मंत्री से कविता लेखन, कंटेंट राइटिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग को मंत्रालय की योजनाओं में आधिकारिक रूप से शामिल करने की मांग की। हिन्दी कवियों के अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ललित फाउंडेशन के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि अमित शर्मा और ललित फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि कुशल कुशलेन्द्र ने कौशल विकास मंत्री को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

कुशल कौशलेंद्र ने कहा कि इस पहल का मूल उद्देश्य साहित्य और लेखन के क्षेत्र में कार्यरत कलमकारों को कौशल विकास मंत्रालय की योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके कौशल को औपचारिक मान्यता प्रदान करना है। ज्ञापन में इस बात पर बल दिया गया कि कविता, गद्य लेखन, कंटेंट राइटिंग और स्क्रिप्ट राइटिंग जैसे क्षेत्र न केवल सृजनात्मकता का प्रतीक हैं, बल्कि ये आधुनिक युग में रोजगार और स्वरोजगार के महत्वपूर्ण साधन भी हैं। डिजिटल युग में कंटेंट क्रिएशन, स्क्रिप्ट लेखन और साहित्यिक रचनाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। इन क्षेत्रों में कार्यरत युवाओं और साहित्यकारों को कौशल विकास योजनाओं के तहत प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

अमित शर्मा ने कहा कि कविता और साहित्यिक लेखन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा हैं, बल्कि यह एक ऐसा कौशल है जो भावनाओं को व्यक्त करने के साथ-साथ सामाजिक बदलाव का माध्यम भी बन सकता है। इसे कौशल विकास का हिस्सा बनाकर हम नई पीढ़ी को प्रेरित कर सकते हैं।

वहीं, कुशल कुशलेंद्र ने कहा कि कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटिंग आज मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग की रीढ़ हैं। इन क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को औपचारिक प्रशिक्षण और समर्थन की आवश्यकता है। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इस मांग को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य और लेखन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों को कौशल विकास योजनाओं में शामिल करने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर इको वैन का टायर निकला, 5 छात्र घायल



**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर एक इको वैन पलटने से 5 छात्र घायल हो गए। यह हादसा बीटा-2 थाना क्षेत्र में चुहडपुर अंडरपास के पास हुआ।

इको वैन में सवार छात्र बोटेनिकल गार्डन से गलगोटिया यूनिवर्सिटी जा रहे थे। रास्ते में अचानक वैन का टायर निकल गया, जिससे वाहन पलट गया। हादसे में सभी छात्रों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायल छात्रों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी छात्रों की स्थिति सामान्य बताई गई है।

# पुरानी पेंशन बहाली समेत 12 मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों ने निकाला मार्च, की भूख हडताल






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्य सरकार की कथित कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने मंगलवार को नगर निगम से जिला मुख्यालय तक मार्च का विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में बडी संख्या में सरकारी कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने मार्च से पहले भूख हडताल भी की। प्रदर्शन के बाद अपर जिलाधिकारी प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा।

मोर्चा के संयोजक राकेश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में 8 वर्ष से भाजपा एनडीए सरकार है लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी कर्मचारियों व शिक्षकों की मांगों पर बैठक नहीं की। जिसके कारण महत्वपूर्ण कई मामले लंबित पड़े हैं। मुख्य सचिव स्तर पर भी बैठक 18 नवंबर 2024 को बैठक हुई थी परंतु उसमें लिए गए निर्णय का कार्यवृत्त नहीं जारी किया गया। इस कारण प्रदेश के कर्मचारी व शिक्षक आक्रोशित हैं।

मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र कुमार ने कहा कि सातवें वेतन आयोग और संवर्गों का पुनर्गठन, सेवा नियमावलियां ,वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा सुरक्षा न्यूनतम वेतन, रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता, रोडवेज सहित सभी राजकीय निगमों विकास प्राधिकरणों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं हो पा रहा है। फाइल प्रमुख सचिव कार्मिक के पास लंबित पडी है। संवादहीनता के कारण कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। शासन स्तर पर अधिकारियों से संपर्क नहीं हो रहा है। मार्च में नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार उपाध्यक्ष संजय शर्मा, जयदेव कौशिक, संजय वर्मा ,राकेश यादव कुलदीप शर्मा , मनोज शर्मा श्रीचंद्र सारस्वत, रोडवेज से वेदप्रकाश कृष्णपाल, उमेश त्यागी सुभाष, ऋषिपाल, स्वास्थ्य विभाग से नरेंद्र शर्मा, दिव्या पांडेय, शोभा पटेल, संजय शर्मा, संजय यादव, शैलेन्द्र मिश्रा, शिक्षा विभाग से मनीष शर्मा, रजनी शर्मा, सेतु निगम से सुशील मिश्रा, कुलदीप नेगी, सिंचाई विभाग से संजीव वत्स, वाहन चालक संघ स्व सलिम अब्बासी ठडे राजेन्द्र शर्मा, सतपाल यादव के पी सिंह करना यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

# एसीपी इंदिरापुरम के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान, वाहन चालकों की ली गई तलाशी

## बैरिकेडिंग लगाकर पुलिसकर्मियों ने संदिग्धों की जांच की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन में मंगलवार की शाम एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के निर्देश पर इंदिरापुरम ,कौशांबी, खोड़ा व वसुंधरा इलाके में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्धों को रोका गया और उनकी जांच की गई। इस दौरान कई लोगों के चालान काटे गए हैं। तो वही कानून व्यवस्था की स्थिति कायम रहने का संदेश दिया गया है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलते हैं। ऐसे में वारदात होने का डर रहता है, इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा आधा दर्जन से अधिक प्रमुख इलाकों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहन चालकों की जांच की गई। साथ ही जो नियम तोड़ रहे थे, उनके चालान किए गए हैं और संदिग्ध नजर आने वाले वाहन चालकों की जांच के बाद चालान भी किए गए हैं।






## जल्द पुराने ऑफिस में बैठेंगे सिटी वाले साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी स्तर के तीन अधिकारी वर्तमान में हैं। तीनों के अपने जोन हैं, तो तीनों के अपने कार्यालय से लेकर काम हैं। पर सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में लंबे समय से एक साहब अपने कार्यालय पर नहीं बैठ पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके कार्यालय पर रिनोवेशन वाला काम चल रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि इसी सप्ताह साहब के कार्यालय का काम पूरा हो जाएगा और फिर साहब का नया ठिकाना पुराना वाला दफ्तर होगा। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जब से नए वाले सिटी के साहब आए हैं, वह पुलिस ऑफिस में ही अपना कार्यालय चला रहे हैं। जिसकी वजह से अभी लोकल वाले उनसे रूबरू नहीं हो पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वैसे फरियादियों की संख्या उनके पुलिस ऑफिस वाले कार्यालय में जमकर लगती है, पर अपने ऑफिस की फीलिंग और माहौल अलग होता है। जिसका वह अभी लुप्त नहीं ले पा रहे हैं। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैसे तो कार्यालय सोमवार से शुरू होना था लेकिन अभी दो-तीन दिन का समय और भी लग सकता है। सुनने में आ रहा है कि इसी सप्ताह से सिटी वाले साहब अपने बनकर तैयार हुए नए कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग में पहुंच जाएंगे। बता दें कि जब भी सिस्टम में नए अधिकारी आते और जाते हैं, तो उनका स्वागत करने वालों की लंबी फहरिस्त हो जाती है और यह सिलसिला कई दिनों तक चलता रहता है। वैसे सूत्रों ने बताया है कि वैसे शहिर के प्रमुख व पुलिस के संपर्क में रहने वाले अधिकांश फेस अब तक तो साहब से मिल ही चुके हैं बाकी जो बचें हैं जल्द उनका नंबर भी आने वाला है। इसी के साथ पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही साहब पुराने ऑफिस के नए कलेवर में पहुंचेंगे, ऐसा सिलसिला वहां पर भी देखने को मिल सकता है। इन सबके साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों कांवड़ यात्रा को लेकर जमकर तैयारियों का दौर चल रहा है, तो मीटिंग हो रही हैं। तो नए-नए आदेश भी सुनाए जा रहे हैं। वहीं कैमरा से लेकर झाड़ियों और बिजली के तारों से लेकर शराब के ठेकों की लिस्ट बन रही है। धार्मिक स्थानों का जिक्र किया जा रहा है। तो बवाल करने वालों के भी नाम नोट किया जा रहे हैं। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में कांवड़ को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस का पूरा फोकस रहने वाला है। तो सबसे खास मंदिर के निकट साहब की अटेंशन भी जरूरी है। इसलिए पुराने ठिकाने पर रहना भी अब जरूरी है।



# अपनापन रसोई सेवा, हनुमंत कृपा से मानव सेवा : जितेंद्र कुमार सिंघल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपनापन फाउंडेशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक मंगलवार भोजन वितरण सेवा समाजसेवी जितेंद्र कुमार सिंघल खेकड़ा वालों द्वारा शुभारंभ की गई। हापुड़ एवं मुजफ्फरनगर में मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर जितेंद्र सिंघल ने मानव सेवा कार्य बताते हुए खुशी प्रकट की। मंगलवार की सेवा में जयपुर से आए शिल्पकार देवा राम ने भी भाग लिया। मंगलवार रसोई सेवा में जितेंद्र सिंहल, देवा राम, अमिता गोयल, चौ मंगल सिंह, रेखा गुलाटी, अशोक कुमार गोयल, रमेश खजांची, अंकुर, निखिल गोयल, नानक चंद, अनिल गर्ग, विजय सेनेटरी वालों ने भी सेवा की।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

मुरादनगर करंट क्राइम। मुरादनगर में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात एक युवक से हुई थी। आरोपी युवक उसे हरिद्वार ले गया। वहां शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया। इसके बाद वह लगातार दुष्कर्म करता रहा। 19 जून को आरोपी युवक पीड़िता को नैनीताल ले गया। वहां भी उसने दुष्कर्म किया। अगले दिन 20 जून को उसे घर के बाहर छोड़ दिया। आरोपी ने कहा कि वह दलित जाति की है। इसलिए उसके परिवार वाले शादी के लिए मना कर देंगे। पीड़िता ने सोमवार रात को मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी ने कहा कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाह रे आवास विकास, छह ट्रांसफार्मर तो दे दिए लेकिन सप्ताह बाद भी लाइन से नहीं जोड़ा

**•भीषण गर्मी में ट्रिपिंग से रेजिडेंट्स परेशान •रेजिडेंट्स ने दी कार्यालय के बाहर धरने की चेतावनी**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के लगातार संघर्ष एवं पत्राचार के बाद उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने इस अपार्टमेंट पर बढ़ते विद्युत भार के समाधान के लिए 15 दिन पूर्व 400 केवीए क्षमता वाले 6 ट्रांसफार्मर कॉलोनी में रखवा दिए लेकिन ना तो उन्हें टेस्ट किया और ना ही उन्हें चालू कराया।

आवास विकास परिषद के अधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए की बातचीत के बाद 6 ट्रांसफार्मर को रख तो दिया गया लेकिन लेकिन उन्हें बिजली के तारों से नहीं जोडा, जिस कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर फूंकने की परेशानी से निजात नहीं मिल रही है।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी ने बताया परिषद की ओर से एक सप्ताह प्रतीक्षा करने के बाद भी ट्रांसफार्मर कनेक्ट करने के लिए कोई टीम नहीं भेजी गयी। और न ही पीवीवीएनएल सिद्धार्थ विहार ने ट्रांसफार्मर कनेक्ट किये। जबकि कनेक्ट करने की जिम्मेदारी पीवीवीएनएल की है। अपार्टमेंट के सभी रेसीडेंट्स पीवीवीएनएल सिद्धार्थ विहार के सेपरेट मीटर होल्डर होने के कारण डायरेक्ट कंस्यूमर है।

उन्होंने कहा कि 13 जून 2025 को विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने पर मजबूरन आरडब्ल्यू ए ने निजी खर्च पर तीन ट्रांसफार्मर को उनके उपयुक्त स्थान पर रखकर आवश्यकता अनुसार चालू कराया, साथ ही उसकी सूचना भी आवास विकास परिषद को दी गई। इस प्रक्रिया के दौरान यह भी पता चला की इन नए आए ट्रांसफार्मर में से कुछ ट्रांसफार्मर फौल्टी भी हैं। जिसकी शिकायत परिषद से की गई है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में आज तक आवास विकास परिषद और यूपीपीसीएल इस अपार्टमेंट में मौजूद सारे ट्रांसफार्मर को यूपीपीसीएल को हैंडोवर की प्रक्रिया भी संपन्न नहीं करा पाए हैं जो इस तरह की समस्या की सबसे बड़ी जड़ है।

आरडब्ल्यूए महासचिव अतुल राय ने बताया परिषद ने इलेक्ट्रिक टीम भेजनें के बजाय आर डब्ल्यू ए को ही बिना अनुमति ट्रांसफार्मर चालू करने की धमकी भरा पत्र भेज दिया। उपाध्यक्ष रंजन ने कहा कि परिषद की इस हठधार्मिता की शिकायत उच्च अधिकारियों सहित मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। रेजिडेंट्स शंकर लाल वत्स का कहना है आवास विकास परिषद की घोर लापरवाही के चलते रेजिडेंट्स को बार बार ब्रेकडाउन के झटके झेलने पड़ रहे है। घंटो बिजली की ट्रिपिंग ने जीवन दुश्वार बना दिया है।

प्रमुख समाज सेवी एवं स्थानीय आवंटी कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि उप्र आवास विकास परिषद और पीवीवीएनएल की घोर लापरवाही की कीमत रेजिडेंट्स को चुकानी पड़ रही है। कार्यकारिणी सदस्य अचल कुमार, देवेंद्र, भरत अग्रवाल, आशीष गोयल और अमित मिश्रा ने एक सुर में कहा कि यही हाल रहा तो रेजिडेंट्स को आवास विकास परिषद और पीवीवीएनएल के विरुद्ध सड़क पर उतर विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# ट्रंप बोले- ईरान और इस्राइल ने तोड़ा युद्धविराम इस्राइली सेना को दी चेतावनी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान और इस्राइल दोनों ने युद्धविराम के नियमों का उल्लंघन किया है। यह युद्धविराम मंगलवार तड़के से लागू होना था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद दोनों देशों की ओर से हमले हुए। ट्रंप ने इस्राइल को चेतावनी दी है कि वह अपने पायलटों को तुरंत घर बुलाए और बमबारी बंद करे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- इस्राइल, बम मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो तो यह बड़ा उल्लंघन होगा। अपने पायलटों को तुरंत वापस बुलाओ!



मंगलवार सुबह इस्राइल ने आरोप लगाया कि ईरान ने युद्धविराम लागू होने के बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागीं। ईरान की सेना ने इस बात से इनकार किया, लेकिन उत्तरी इस्राइल में विस्फोट और सायरन की आवाजें सुनाई दीं। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने दो ईरानी मिसाइलों को रास्ते में ही नष्ट कर दिया।

**12 दिन के संघर्ष के बाद लागू हुआ था युद्धविराम:** यह संघर्ष 12 दिन पहले शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इस्राइल का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि ईरान कहता है कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण है। इस बीच अमेरिका ने भी हमलों में हिस्सा लिया और ईरान के परमाणु ठिकानों पर बंकर-बस्टर बम गिराए।

## बम मत गिराओ

**युद्धविराम की कोशिश और संकट:** सोमवार को ईरान ने कतर स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी हमला किया। इसके बाद ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा की, जिसे दोनों देशों ने स्वीकार किया था। लेकिन ताजा हमलों के बाद इस युद्धविराम पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं इस्राइल के वित्त मंत्री बेत्सालेल स्मोटरिच ने एक्स पर लिखा, 'तेहरान कांपेगा', जिससे यह साफ हो गया कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है।

# डीपसीक चीन को सैन्य और खुफिया अभियानों में कर रहा सहयोग

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने चीन की एआई कंपनी डीपसीक को लेकर बड़ा दावा किया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने आरोप लगाया कि डीपसीक चीन को सैन्य और खुफिया अभियानों में सहायता कर रहा है। इतना ही नहीं, वह अपने उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां चीनी सरकार को उपलब्ध करा रहा है।

अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि चीनी कंपनी अमेरिका की एआई चिप्स तक पहुंच प्राप्त करने के लिए वैकल्पिक तरीके अपना रही है। डीपसीक ने उच्च-स्तरीय सेमीकंडक्टर तक पहुंच बनाने के लिए दक्षिण-पूर्व एशियाई फर्जी कंपनियों का उपयोग करने की कोशिश की, जिन्हें अमेरिकी नियमों के तहत चीन नहीं भेजा जा सकता। इस साल जनवरी में डीपसीक ने प्रौद्योगिकी जगत में यह कहते हुए हलचल मचा दी थी कि उसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई



तर्क मॉडल, अमेरिकी कंपनियों के मॉडलों के बराबर या उनसे बेहतर है और उनकी लागत भी बहुत कम है।

### ट्रेड वार में गतिविधियां आई सामने

गोपनीयता की शर्त पर अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम समझते हैं कि डीपसीक ने अपनी इच्छा से चीन के सैन्य और खुफिया अभियानों को सहयोग किया है और वह आगे भी ऐसा करता रहेगा। यह प्रयास डीपसीक के एआई मॉडलों तक ओपन-सोर्स पहुंच से भी आगे जाता है। डीपसीक अपने उपभोक्ताओं की जानकारी भी चीन सरकार तक पहुंचा रहा है।

# इंडोनेशिया में ड्रग माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, 285 लोग गिरफ्तार

**जकार्ता ।** दक्षिण-पूर्व एशिया में ड्रग तस्करी का बड़ा केंद्र माने जाने वाले इंडोनेशिया में प्रशासन ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बीते दो महीने में देश के 20 इलाको में चलाए गए विशेष अभियान के तहत कुल 285 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 29 महिलाएं और सात विदेशी नागरिक शामिल हैं। इस दौरान अधिकारियों ने आधे टन से ज्यादा नशीले पदार्थ भी जब्त किए हैं।

इंडोनेशिया की राष्ट्रीय नारकोटिक एजेंसी के प्रमुख मार्थिनस हुकोम ने जानकारी दी कि गिरफ्तार किए गए 285 लोगों में 29 महिलाएं और अमेरिका, कजाकिस्तान, मलएशिया, भारत और ऑस्ट्रेलिया समेत सात



विदेशी नागरिक शामिल हैं। हुकोम ने बताया कि गिरफ्तार की गई महिलाओं में से अधिकतर शादीशुदा हैं और उनके पास कोई स्थायी रोजगार नहीं है। उन्होंने इंडोनेशियाई महिलाओं से अपील की कि वे असली दुनिया के साथ-साथ इंटरनेट पर भी सतर्क रहें और गलत संगत से बचें।

नारकोटिक एजेंसी के डिप्टी बुदी विबोवो ने बताया कि अधिकारियों ने 683,885 ग्राम (करीब 0.68 टन) क्रिस्टल मेथ, गांजा, एक्सटेसी, टीएचसी, हैशिश और एम्फेटामिन जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में नशा जब्त होने से 13 लाख से ज्यादा लोगों तक यह जहर पहुंचने से बच गया।

# भारत ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले पर जताई चिंता, राजदूत बोले- हर संभव सहायता देने को तैयार

**वियना ।** वियना में भारतीय दूतावास ने एक्स पर राजदूत के बयान को साझा किया और लिखा, 'ईरान में कई परमाणु सुविधाओं पर हमलों सहित मध्य पूर्व में बिगड़ती स्थिति पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की।' राजदूत ने कहा कि ऐसे हमलों से आम लोगों की सेहत और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए परमाणु ठिकानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

**सभी देशों से संयम बरतने की अपील की:** राजदूत कुमारन ने सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया और कअएअ से अनुरोध किया कि वह इन परमाणु ठिकानों को हुए नुकसान और वहां की विकिरण की स्थिति की रिपोर्ट बोर्ड को देता रहे। साथ ही, उन्होंने सभी देशों से संयम



बरतने की अपील की ताकि कोई और नुकसान न हो। आईएइए महानिदेशक ने भी परमाणु ठिकानों पर हमले पर चिंता व्यक्त की के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को दिए अपने परिचयात्मक वक्तव्य में ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले से संबंधित चल रहे संघर्ष पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हम आज एक गंभीर संघर्ष के बीच बैठक कर रहे हैं, जिसमें तीन आईएईए सदस्य देश शामिल हैं, जिसके दौरान ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले हो रहे हैं।

**ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की विशेष बैठक हुई। इसमें भारत की ओर से ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू एस कुमारन ने भाग लिया और बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत मध्य पूर्व में बिगड़ती स्थिति, खासकर ईरान में परमाणु ठिकानों पर हुए हमले को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है**

महानिदेशक की चेतावनी- वैश्विक परमाणु सुरक्षा व्यवस्था को खतरे में डाल सकता है संघर्ष महानिदेशक ने चेतावनी दी कि यह संघर्ष वैश्विक परमाणु सुरक्षा व्यवस्था को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि कूटनीति के लिए अभी भी एक रास्ता है। हमें इसे अपनाना होगा, अन्यथा हिंसा और विनाश अकल्पनीय स्तर तक पहुंच सकता है।

# ईरान-इस्राइल तनाव के बीच ठप हुईं वैश्विक हवाई उड़ानें, रद्द करनी पड़ीं 750 से ज्यादा फ्लाइट्स

**न्यूयॉर्क।** ईरान-इस्राइल तनाव का सीधा असर वैश्विक हवाई उड़ानों पर पड़ा है। इस तनाव में अमेरिका के दखल के बाद पश्चिम एशिया के प्रमुख देशों ने अपने हवाई क्षेत्रों को बंद कर दिया। इसके चलते करीब 750 से ज्यादा उड़ानों को रद्द करना पड़ा। सबसे ज्यादा उड़ानें दुबई एयरपोर्ट से रद्द की गईं। जबकि अन्य विदेशी एयरलाइन्स ने भी उड़ानों को रद्द किया।

इस्राइल-ईरान के बीच 12 जून से शुरू हुए हमलों के बाद से पश्चिम एशिया में हालात तनावपूर्ण थे। इसके बाद अमेरिका ने शनिवार रविवार की दरमियानी रात ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला बोला। जवाब में ईरान ने सोमवार को कतर के अल उदीद एयर बेस पर अमेरिकी सेना पर मिसाइल हमला किया। इससे कुछ घंटे पहले ही कतर ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया



था। जबकि अमेरिका और ब्रिटेन ने भी अपने नागरिकों से वहां शरण लेने के लिए कहा था। वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने भी कुछ सप्ताह के लिए उड़ानों को बंद कर दिया।

### इन एयरलाइन्स ने रद्द की उड़ानें

सिंगापुर एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण हालात का हवाला देते हुए रविवार से लेकर बुधवार तक दुबई आने-जाने वाली कुछ उड़ानें रद्द कर दीं। ब्रिटिश एयरवेज ने भी बुधवार तक दोहा आने-जाने वाली उड़ानें कैंसिल कर दी हैं। ब्रिटिश एयरलाइंस ने कहा कि सुरक्षा हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम स्थिति की समीक्षा करते रहेंगे। वहीं एअर इंडिया ने सोमवार को घोषणा की कि वह अगले आदेश तक पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के पूर्वी तट से आने-जाने के सभी परिचालन को तत्काल बंद कर रही है। इसके अलावा उत्तरी अमेरिका से भारत आने वाली उड़ानों को बंद हवाई क्षेत्रों से दूर डायवर्ट या रीरूट किया जा रहा है।

### दुबई एयरपोर्ट से सबसे ज्यादा उड़ानें प्रभावित

फ्लाइटअवेयर के एयर ट्रैकिंग डाटा के मुताबिक सोमवार दोपहर तक दुनिया भर में 705 उड़ानें रद्द की गईं। इसमें सबसे ज्यादा 75 उड़ानें दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रद्द हुईं। इसमें एअर इंडिया में सबसे ज्यादा 38 उड़ानें शामिल थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह से हवाई क्षेत्र को बंद करना और उड़ानों का मार्ग बदलना सुरक्षा की दृष्टि से अहम है।

# गाजा में राशन का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला 25 की मौत, इस्राइली सेना पर लगा आरोप

**गाजा ।** हालांकि इस्राइली सेना ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अर्बन नुसीरत शरणार्थी कैंप में स्थित अवदा अस्पताल ने बयान जारी कर बताया कि फलस्तीनी नागरिक वादी गाजा के दक्षिण में सलाह ए दीन रोड पर राशन के ट्रकों का इंतजार कर रहे थे।

### गवाहों ने बताया कैसे लोगों पर हुई गोलीबारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक गवाह ने बताया कि जब लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो इस्राइली सेना ने लोगों पर गोलीबारी कर दी। एक व्यक्ति ने बताया कि यह नरसंहार था। इस्राइली सेना टैंक और ड्रोन्स से लोगों पर गोलीबारी कर रही थी। कई लोग मारे गए या घायल हुए हैं।



**गाजा में राशन भरे ट्रकों का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई। चश्मदीदों और अस्पतालों ने आरोप लगाया है कि ये गोलीबारी इस्राइली सेना की तरफ से की गई**

एक अन्य गवाह ने बताया कि लोगों की भीड़ के ऊपर ड्रोन्स उड़ रहे थे और लोगों पर नजर रख रहे थे। जैसे ही लोगों ने ट्रकों की तरफ बढ़ना शुरू किया तो टैंक और ड्रोन्स से गोलियां चलने लगीं। वह बेहद भयावह मंजर था। **हमले में 146 लोगों के घायल होने का दावा:** अवदा अस्पताल ने बताया है कि 146 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 62 की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायलों को दूसरे अस्पतालों में भिजवाया गया है। मध्य गाजा के दीर ए बलाह में स्थित अल-अक्सा अस्पताल में छह लोगों के शव पहुंचे हैं। इस्राइल हमास युद्ध में अब तक गाजा में 56 हजार लोग मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि मरने वालों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। इस्राइल ने 7 अक्तूबर 2023 के हमले के बाद गाजा में कार्रवाई शुरू की थी।

# एनएसए डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति से की मुलाकात कई देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से भी मिले

**बीजिंग ।** चीन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि डोभाल इस बैठक में शामिल अन्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ हान झेंग से मिलने पहुंचे थे।

एससीओ में डोभाल ने कहा, सीमापार आतंकवाद फैलाने वाले अपराधियों, साजिशकताओं और उनका वित्तपोषण करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बैठक में डोभाल ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को भी छोड़ने का आह्वान किया। पाकिस्तान में आतंकवादियों को निशाना बनाने वाले भारतीय सेना के सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनएसए ने कहा, भारत की कार्रवाई नपी-तुली थी और संघर्ष को बढ़ावा देने वाली नहीं थी। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए सूचना साझा करने का भी आह्वान किया।



इससे पहले, डोभाल ने रूसी रक्षा परिषद के उपसचिव अलेक्जेंडर वेनेदिक्तोव के साथ भी एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक के दौरान मुलाकात की। दोनों देशों ने आपसी संबंध, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। रूसी पक्ष ने कहा कि वह जल्द ही रणनीतिक वार्ता के अगले दौर के लिए डोभाल का रूप में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों पक्षों ने भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी के आधार पर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने की जोर दिया।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी से भी की डोभाल ने मुलाकात डोभाल ने सोमवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात की थी। इस दौरान डोभाल ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रम की समीक्षा की। साथ ही आपसी रिश्तों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा हुई ताकि दोनों देशों के संबंध मजबूत हो सकें। बैठक में डोभाल ने साफ कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और इसके खिलाफ सख्त कदम उठाना जरूरी है ताकि पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रह सके।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने चीन के उप राष्ट्रपति हान झेंग के साथ मुलाकात की। यह मुलाकात बीजिंग में 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई, जहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक हो रही थी**

# संघर्ष में बढ़त से घरेलू सियासत में नेतन्याहू मजबूत

**तेल अवीव ।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के जीवन में 7 अक्तूबर, 2023 की तारीख किसी काली छाया से कम नहीं है। उस दिन इस्राइल पर हमास के हमले ने न केवल नेतन्याहू को बुरी तरह हताश-निराश दिखाया, बल्कि राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति ने घरेलू राजनीति में उनका जन-समर्थन भी व्यापक स्तर पर घटा दिया। लेकिन अब ईरान के साथ संघर्ष में मिली बढ़त ने उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है। इस्राइल-ईरान जंग हालांकि अभी किसी निर्णायक नतीजे पर नहीं पहुंची है। लेकिन माना जा रहा है कि अमेरिका के समर्थन के साथ इस्राइल ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यह नेतन्याहू के चेहरे पर झलकते आत्मविश्वास से भी साफ जाहिर होता है।

एक दिन पहले बमबर्षक विमानों से ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताते समय नेतन्याहू अपनी मुस्कान छिपा नहीं पाए। ताजा घटनाक्रम को इस्राइल में अगले साल होने वाले चुनावों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना



है कि इस संघर्ष में सफलता नेतन्याहू (75) के लिए एक लंबे सियासी करियर फिर से संवारने का मौका साबित हो सकती है, जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर कई संकटों में घिरे हैं। घरेलू राजनीति में उनकी लोकप्रियता घटी है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें युद्ध अपराध के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट का सामना करना पड़ रहा है। अरब देश उनके कड़े आलोचक हैं और करीब दो साल से जारी क्षेत्रीय संघर्ष के कारण गाजा और पश्चिम एशिया में अन्य जगहों पर हजारों मौतों के लिए उन्हें युद्धोन्मादी के तौर पर जिम्मेदार ठहाराय जाता है।

अनुभवी इस्राइल पत्रकार और नेतन्याहू की जीवनी लिखने वाले मजाल मुआलेम कहते हैं कि कि उन्होंने साबित कर दिया है कि वह फीनिक्स पक्षी की तरह हैं जो राख के ढेर से भी उठ खड़ा होता है। उनकी सफलता एक बार फिर उन्हें इस्राइली राजनीति का जादूगर साबित कर देगी।

हमास की तरफ से 7 अक्तूबर 2023 को किए गए हमले में करीब 1200 इस्राइली मारे गए थे और ढाई सौ से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था। इस घटना के बाद नेतन्याहू के नेतृत्व पर सवालिया निशान उठने लगे थे। कई लोगों का मानना था कि इसके लिए सीधे तौर पर नेतन्याहू की नीतियां जिम्मेदार हैं, जिसकी वजह से ही हमास कई वर्षों तक गाजा में अपना वर्चस्व बनाए रखने और हथियारों के बलबूते खुद को ताकतवर बनाने में कामयाब हो पाया।

### राजनीतिक साख बढ़ाना इतना आसान भी नहीं

इस्राइल में अगले वर्ष चुनाव होने हैं और ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या ईरान के साथ जंग के जरिये नेतन्याहू अपनी सियासी साख फिर से बढ़ा पाएंगे।

# भाजपा नेता सुंदर भाटी ने कराया सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन












गाजियाबाद( करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा पूर्व जेल विजिटर सुंदर भाटी ने मंगलवार को पटेल नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। इस अवसर पर मंदिर में संकीर्तन का आयोजन हुआ और उसके बाद सुंदर भाटी ने यहां भंडारे का आयोजन किया। शिव परिवार स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित किए गए भंडारे तथा सुंदरकांड पाठ में समाज और राजनीति क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोक शामिल हुए।

# संभव में नगर आयुक्त व निगम अधिकारियों ने की जनसुनवाई, प्राप्त हुए 26 संदर्भ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की गई जिसमें 26 संदर्भ प्राप्त हुए। निर्माण विभाग से 10, डूडा विभाग से 1, स्वास्थ्य विभाग से 7, उद्यान विभाग से 2, प्रकाश विभाग से 1, संपत्ति विभाग से 1, जलकल विभाग से 3 तथा अतिक्रमण संबंधित 1 संदर्भ प्राप्त हुआ। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को प्राप्त संदर्भों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

गाजियाबाद नगर निगम संभव दिवस में प्राप्त संदर्भों पर तय दिवस में ही कार्यवाही कर रहा है। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रहे हैं जो कि सराहनीय है।

## समय से उठे नालों से निकली हुई सिल्ट : नगर आयुक्त



## स्वास्थ्य विभाग अधिकारी बढ़ाएं मॉनिटरिंग नगर आयुक्त ने संभव में दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** अधिकांश संदर्भ स्वास्थ्य विभाग के प्राप्त होने पर नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया तथा नालों की सफाई के बाद समय से सिल्ट उठाने के लिए भी निर्देशित किया गया। संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, संपति प्रभारी पल्लवी व अन्य सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुलाकात



गाजियाबाद ( करंट क्राइम )। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा इन दिनों एचआईआईएमएस में अपनी पत्नी का उपचार करा रहे हैं। ये राजा वर्मा का व्यक्तित्व है कि जब दो प्रसिद्ध हस्तियों को यह पता चला कि राजा वर्मा की पत्नी बीमार हैं और उन्हें उपचार के लिए यहां लाया गया है तो वो स्वयं राजा वर्मा मिलने के लिए पहुंचे। सुप्रसिद्ध सुधांशु महाराज तथा एचआईआईएमएस के मालिक आचार्य मनीष ने पहुंच कर राजा वर्मा की पत्नी का कुशलक्षेम जाना।

## जीडीए ने कनावनी गांव में चलाया अवैध कब्जे पर बुलडोजर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने कनावनी गांव से जीडीए की जमीन पर अवैध कब्जा करके झुग्गियां बनाकर रहने वाले लोगों से इस जमीन को कब्जा मुक्त कराया। जीडीए पिछले काफी समय से इन लोगों को जगह खाली करने के लिए बोल चुका है लेकिन इन लोगों ने अभी तक जगह खाली नहीं की। इसके बाद जीडीए ने नोटिस देकर सभी झुग्गियों को हटाया। मौके पर जमीन खाली कराने पहुंचे परिवर्तन जॉन 6 के प्रभारी आलोक रंजन ने बताया कि यह जीडीए की अधिग्रहीत जमीन है जो कि 6 हेक्टेयर है।



# राष्ट्रीय लोकदल ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर नगर आयुक्त को लिखा पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में हाउस टैक्स की बढोत्तरी एक ज्वलन्त मुद्दा बना हुआ है जो कि आम नागरिक और मध्यम वर्ग पर एक बड़ा बोझ है। अभी कुछ लोगों ने बढ़ोत्तरी के हिसाब से टैक्स जमा किया है, लेकिन बहुत ज्यादा संख्या ऐसी है जो बढ़ा हुआ टैक्स जमा करने में असमर्थ हैं। आमदनी के हिसाब से आम आदमी के लिए यह टैक्स जमा करना नामुमकिन है।

निगम की आमदनी बढ़ाने के लिए आप अन्य उपाय अपना सकते हैं जिसके लिए और भी कई माध्यम हो सकते हैं। कोई भी नियम आम आदमी के हित और अहित को देखकर बनाया जाना चाहिए। आपसे निवेदन है कि आम नागरिक की परेशानियों को समझते हुए मानवीय आधार पर टैक्स बढ़ोत्तरी की दरें वापस लेने की कृपा करें। आपका यह कदम जनमानस में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि करेगा।

आम जनता और अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। हमें उम्मीद है कि आप आम नागरिक के हित में आवश्यक कदम उठायेंगे और हाउस टैक्स की बढ़ी हुई दरों को वापस कराने में जनता का सहयोग करेंगे।

# मौ. जाकिर अली सैफी ने वार्ड 95 की समस्याओं से जिलाधिकारी को कराया अवगत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मौ० जाकिर अली सैफी ने कहा कि वार्ड 95 में पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है । पानी ना आने की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। वार्ड-95 के जस्सीपुरा, कैला भट्टा, प्रेम नगर, भैरव मंदिर के आस पास पीने के पानी ना आने की समस्या काफी समय से निरंतर बनी हुई है जिसकी बार-बार शिकायत करने एवं अनुरोध करने के बावजूद नगर निगम गाजियाबाद के जलकल विभाग द्वारा समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है । वार्ड के काफी सारे 05, 10 एचपी नलकूप खराब हो गए हैं जिनका ठीक नहीं कराया जा रहा है और ना ही रिबोर कराया जा रहा है। वार्ड का 30 एचपी पीएसी नलकूप पानी नहीं दे रहा है। इसके स्थान पर 30 एचपी नलकूप रिबोर नहीं कराया जा रहा है। पीने के पानी ना आने की समस्या के साथ-साथ वार्ड के जिन-जिन क्षेत्रों में पानी आ रहा है उसमें काफी ज्यादा क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा है जो पीने योग्य बिल्कुल भी नहीं है जिसमें मिट्टी रेत गंदा बदबूदार पानी आ रहा है। इस सब के कारण वार्ड में पीने के पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, और आम जनता जल कर देने के बावजूद मोल का पानी खरीद कर दूर-दूर से लाने को मजबूर है। जलकल विभाग द्वारा किसी भी अधिकारी के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगती है।




आपसे जनहित एवं न्यायहित में अनुरोध है कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्ड-95 में जनता की पीने के पानी ना आने की समस्या, गंदा रेत मिट्टी वाला बदबूदार पानी आने की समस्या का समाधान कराने के आदेश संबंधित अधिकारियों को देकर जनहित का कार्य करने की कृपा कीजिए ।

# 11 वर्षों के कार्यकाल में देश के सबसे भरोसेमंद और दमदार ब्रांड बने पीएम नरेंद्र मोदी : महेश शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी व भाजपा नेता महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 11 साल के कार्यकाल में देश के सबसे भरोसेमंद और दमदार ब्रांड बने हैं। अपने सही फैसलों से उन्होंने इतिहास रचा है। ब्रांड मोदी ने बीजेपी की छलांग पर गजब का असर डाला है। पार्टी अपने जन्म के बाद अब सबसे मजबूत दौर में हैं और उसने सबसे निचले स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने के साथ नए इलाकों और राज्यों में बढ़ती मौजूदगी का एहसास कर दिया है। पीएम मोदी देश के सबसे दमदार भरोसेमंद ब्रांड में तब्दील हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के कार्यकाल का 1 साल पूरा हो गया है और बतौर प्रधानमंत्री इन्होंने 11 साल का सफर तय कर लिया है। इस दौरान मोदी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जो भारतीय राजनीति में मील का पत्थर साबित हुए। 2014 में नरेंद्र मोदी के रूप में बीजेपी को एक करिश्माई नेता मिला। बीजेपी के नारे मोदी को केंद्र में रखकर लिखे गए। चुनाव में भी हर नारे में मोदी ही मोदी थे। बीजेपी की एक के बाद एक सफलता बताती है कि पीएम मोदी देश के सबसे दमदार और भरोसेमंद ब्रांड में तब्दील हो चुके हैं।

# 11 सालों में भारत संपूर्ण विकास की ओर अग्रसर : राजा भैया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राजा भैया ने कहा कि 11 सालों में पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व से भारत संपूर्ण विकास की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी ने देशवासियों को विकास का रास्ता दिखाया है। प्रधानमंत्री के सारे फैसले ऐतिहासिक हैं। 2014 में जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, उन्होंने देश से मन की बात करना कभी बंद नहीं किया।

वो देश के हर हिस्से के हर व्यक्ति से कनेक्ट होते हैं और सलाह-सुझाव भी देते हैं। पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल में ऐसे फैसले लिए हैं जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। आने वाले समय में भारत बुलंदियों को छूएगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद ( करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के इन्दिरा जी वाले एरिया में चल रही है झुग्गियों को हटाने का श्रेय लेने की लड़ाई? कहने वाले कह रहे हैं झुग्गियां हटी तोमर साहब के वार्ड से हैं? मगर क्रेडिट लेने का मामला किया हुआ है धीरज भैया और अनुज त्यागी ने हाई? दोनों बता रहे हैं कि इस कार्यवाही के लिए इन्होंने लिखा था लैटर? मगर वार्ड डॉ साहब का है तो इनके दखल का हमको समझ नहीं आ रहा है मैटर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम कर रहे थे नदिया पार के ओबीसी वाले मंडल अध्यक्ष से बात? हमने उनसे पूछा ऐसा क्या है कि हमें नहीं दिखते हैं आपकी सक्रियता वाले हालात? उन्होंने यहां पर लिया अपनी टीम के मेन अध्यक्ष का नाम? बोले यादव जी की कृपा ही हम पर ऐसी है कि हमें करना ही नहीं पड़ता है काम? हम तो थोड़ा बहत करने की इच्छा भी रखते हैं मगर उन्होंने आज तक दिया ही नहीं है कोई आयाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से भगवा सौलंकी भैया लड़ रहे हैं हाउस टैक्स के खिलाफ लड़ाई? सुना है वो तब से ये भी संदेश दे रहे है कि निगम वालों ने उनके यहां पर ठप्प कर दिये है विकास कार्य भाई? हमने देखा वो बैठे थे इस शिकायत को लेकर मेयर साहब के पास? करा रहे थे वो अपने विरोध का एहसास? वो कह रहे थे कि अगर अब आगे काम नहीं हुए तो मुझे और कुछ नहीं है करना? किसी दिन मैं नगर निगम पर दे दूंगा क्षेत्र वालों के साथ अनिश्चित कालीन धरना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब टटोलने वाले ने टटोले किसान वाले भारद्वाज जी और युवा वाले डेढ़ा जी के जज्बात? पूछा कि उद्घाटन के बाद आज तक आपने विधायक संजीव शर्मा के कार्यालय पर दर्शन क्यों नहीं दिये हैं साहब? ये सुनकर दोनों के चेहरे पर आ गई मुस्कान? कहने लगे ऐसी कोई बात नहीं है? हम बीच बीच में वहां पर जाते रहते हैं श्रीमान? हमारी पार्टी में सभी का बड़ा दिल है कोई नहीं देता है इतनी छोटी छोटी बातों पर ध्यान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भीम आर्मी से चुनाव लड़ने वाले सतपाल चौधरी के आजकल कहीं भी नहीं हो रहे हैं दीदार? मुद्दों पर भी नहीं आ रहे हैं बाहर उनके विचार? कहने वाले ने कहा सिर्फ वो खुद को अब चुनाव में ही करते हैं लांच? चुनाव से ठीक कुछ दिन पहले ही वो कराते हैं अपनी सक्रियता का एहसास? उसके बाद नहीं होते हैं उनके राजनीति में दीदार? आखिर इस रवैये पर कैसे मजबूत होगा उनका जनाधार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाउस टैक्स के मुद्दे पर हम आपको दिला रहे हैं एक बात ध्यान? विपक्ष के चेहरे जो लड़े हैं बड़े-बड़े चुनाव, वो क्यों नहीं खोल रहे हैं इस पर अपनी जुबान? अभी तक हमने नहीं सुना है तरकश से तीर निकालने वाले सिकंदर यादव, मुखर होने वाले अभिषेक गर्ग, विशाल वर्मा सहित पूर्व विधायक मुन्नी जी और अमरपाल जी का तर्क? हम देख रहे हैं डॉली दीदी को भी नहीं पड़ रहा है इस मुद्दे पर कोई फर्क? फिर कहते हैं कि जब चुनाव आता है तो जनता अपना कीमती वोट ना जाने क्यों हम पर नहीं करती है खर्च?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता चली है अंदर की बात? विधायक जी चाहते हैं पूरी शीतलता के साथ किसी का पराशर जी से खत्म हो जाये विवाद? विधायक जी यहां पर कर रहे हैं अपनी तरफ से प्रयास? मगर दोनों पक्ष में खींची हुई हैं अपनी तरफ से तलवारें? कोई भी नहीं करना चाहता है पहले शुरूआत? कहने वाले ने कहा विधायक जी को है संबंध सुधारने में महारथ हासिल? आज नहीं तो कल वो दोनों की आपस में करा ही देंगे बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधानसभा है मंत्री सुनील शर्मा की मगर वहां पर उठाता है हर कोई जाकर अपनी आवाज? हमने देखा मंत्री कश्यप जी ने भी यहां पर रखी है हिंडन एयरपोर्ट से डायरेक्ट लखनऊ फ्लाईट उड़ाने वाली बात? कहने वाले ने कहा इस मामले में गर्ग साहब भी कर रहे हैं प्रयास? अगर इसमें हैवीवेट वालों की आवाज मिल जाये तो फिर सफल हो जायेंगे सभी प्रयास? कहने वाले ने कहा जब सभी का है एक ही मैटर? तो संयुक्त हस्ताक्षर से क्यों नहीं लिखे हैं ये सब लैटर? बढ जायेगा लैटर का वजन, मामला जो जायेगा बैटर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही निगम वाले नहीं सुन रहे हैं क्रान्तिकारी सैफी जी के दिल की बात? सुना है लखनऊ के एक बड़े अधिकारी के दरबार में वो रख कर आये हैं अपनी बात? बड़े अधिकारी ने भी उनकी बातों पर दिया है पूरा ध्यान? सैफी जी ने कहा है कि आप मेरी किसी भी तरह की जांच करवा सकते हो श्रीमान? मैं हर तरह की जांच के लिए हूं तैयार? बस मैं लड़ रहा हूं अपने क्षेत्र की लड़ाई? इसलिए गलत तथ्यों के आधार पर बिगाड़ा जा रहा है मेरा किरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित रंजन ने अपनी सक्रियता से लगातार मंडल में रहने का रचा है इतिहास? सुना है इस बार ये दायित्व उन्होंने इसलिए नहीं लिया? ताकि किसी कार्यकर्ता की बन जाये बात? वो चाहते तो हो सकते थे इस पद पर विराजमान? मगर उन्होंने आगे बढ़ने के लिए कर दिया अपना पद कुर्बान? अब देखना ये है कि उनकी इस कुर्बानी का क्या देंगे भगवा योद्धा उन्हें ईनाम? क्या वो सिस्टम में आ पायेंगे, या फिर कराया जायेगा उनको आराम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। परिवार सही मायने में खुशियों का संसार होता है। जब आप परिवार के साथ होते हैं तो आप अपना हर दुख और हर दर्द भूल जाते हैं। कुंजन पंडित ने अपनी इस पोस्ट से एक लाइन में एक फोटो से सब कुछ कह दिया है। अपने आप में परिवार की खुशी और सुकून का संदेश समेटे यह पोस्ट बनी है करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।